RNI No. 58061/93 · वर्ष - 21 · अंक - 97 · पृष्ठ - 8 · रु. 5/- · बेंगलूरु » शनिवार » 01-11-2025 · www.dakshinbharat.com · Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

मुख्यमंत्री जन आवास योजना

RERA REG. NO.: RAJ/P/2025/4228
https://rera.rajasthan.gov.in/

## जयपुर में आवासीय फ्लैट्स

हेतु लॉटरी द्वारा आवंटन

वाटिका इन्फोटेक सिटी,
अजमेर रोड, जयपुर



## मुख्यमंत्री जन आवास योजना-3A

के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित एवं रेरा में पंजीकृत नितल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स एलएलपी द्वारा विकसित आवासीय योजना

90% तक लोन उपलब्ध

विश्वस्तरीय क्लब हाउस व स्विमिंग पूल

केन्द्रीय व राज्य कर्मचारियों, कॉर्पोरेट्स एवं प्रवासी राजस्थानवासियों के लिए 1 लाख रुपये तक की विशेष छूट।

## नितल

स्टूडियो और 3 बीएचके अपार्टमेंट

आवेदन की अंतिम तिथि
04 नवम्बर, 2025

| उपलब्ध फ्लैट | पंजीकरण राशि | मूल कीमत |
|---|---|---|
| स्टूडियो फ्लैट | ₹66,000 | ₹18.0 लाख* |
| 3 BHK फ्लैट | ₹96,000 | ₹43.0 लाख* |

आवेदन हेतु SCAN करें
www.cmjanawaas.com

86 87 88 22 22

विकासकर्ता -
नितल इंफ्राप्रॉजेक्ट्स एलएलपी

*Terms & Conditions Apply

# मुस्लिम लीग ने सरदार पटेल पर दो घातक हमले कराये, कांग्रेस ने इसे 86 वर्षों तक छिपाये रखा : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी दल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए शुक्रवार को दावा किया कि मुस्लिम लीग ने 1939 में सरदार वल्लभभाई पटेल पर दो घातक हमले कराए थे, लेकिन कांग्रेस ने 86 साल तक इस प्रकरण को चुपचाप दबाए रखा, क्योंकि यह ''सच्चाई असहज'' करने वाली थी।

भाजपा ने अपने आधिकारिक हैंडल से 'एक्स' पर कई पोस्ट में कहा कि हमले की दो घटनाओं में से एक में 57 आरोपियों में से 34 को दोषी ठहराया गया और दो को विशेष अदालत ने मौत की सजा सुनाई। इसने कहा कि इन घटनाओं में सरदार पटेल की रक्षा करते हुए दो ''देशभक्त'' शहीद हो गए थे, जबकि कई घायल हो गए थे लेकिन ''कांग्रेसी इतिहासकारों'' ने मामले को पाठ्यपुस्तकों और अभिलेखागार से मिटा दिया। सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा, ''किसी ने भी मुस्लिम लीग की भूमिका या कांग्रेस की कायरतापूर्ण चुप्पी का उल्लेख करने का साहस नहीं किया।'' भाजपा के आरोप पर कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। शुक्रवार को सरदार पटेल की 150वीं जयंती है। भाजपा ने कहा, ''1939 में मुस्लिम लीग ने सरदार वल्लभभाई पटेल पर दो घातक हमले कराए और कांग्रेस ने चुपचाप इस कहानी को दबा दिया।'' भाजपा ने हमले की दो घटनाओं से संबंधित समाचार क्लिपिंग और अन्य दस्तावेज 'एक्स' पर पोस्ट किए। इसने कहा, ''कांग्रेस ने इसे 86 वर्षों तक क्यों छिपाए रखा, जब तक कि इतिहासकार रिजवान कादरी ने इसे उजागर नहीं कर दिया? क्योंकि सच्चाई असहज करने वाली होती है।'' दोनों घटनाओं को याद करते हुए भाजपा ने दावा किया कि जब सरदार पटेल प्रजामंडल आंदोलन के माध्यम से रियासतों को एकजुट कर रहे थे, तब मुस्लिम लीग ने ''तुष्टिकरण की राजनीति'' से प्रेरित होकर धर्म के नाम पर



हिंसा भड़काना शुरू कर दिया और कांग्रेस ने ''टकराव के बजाय चुप्पी'' को चुना। इसने कहा, ''वडोदरा में 20 जनवरी, 1939 को जैसे ही सरदार पटेल का जुलूस मांडवी से गुजरा तो मुस्लिम लीग समर्थित गुंडों ने 'सरदार वापस जाओ' के नारे लगाए और उनकी कार पर पथराव किया। प्रजामंडल कार्यालय में आग लगा दी गई – यह पटेल के बढ़ते प्रभाव को दबाने का सत्ता के इशारे पर एक प्रयास (स्टेट स्पॉन्सर्ड अटेम्प्ट) था। इस पर कांग्रेस मौन रही।'' भाजपा ने कहा कि अगले दिन सरदार पटेल ने शांति और संयम बरतने का आग्रह किया। इसने कहा, ''लेकिन वडोदरा शासन ने एक फर्जी जांच करते हुए मामले को बंद कर दिया। यह तो बस शुरुआत थी। मुस्लिम लीग के 'गुंडे' भावनगर में पहले से कुछ और घातक साजिश रच रहे थे।'' भाजपा ने दावा किया कि 14 मई 1939 को जब सरदार पटेल पांचवीं प्रजा परिषद का नेतृत्व करने पहुंचे तो मुस्लिम लीग से जुड़ी भीड़ (जिसे ''कथित तौर पर'' स्थानीय रियासतों का समर्थन प्राप्त था) ने नगीना मस्जिद से उनके शांतिपूर्ण जुलूस पर हमला कर दिया। इसने कहा, ''यह एक पूर्व नियोजित षड्यंत्र था। देशभक्त बच्चू वीरजी और जाधवजी मोदी, सरदार पटेल की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। कई घायल हुए। फिर भी पटेल ने उस शाम सभा को शांतिपूर्ण संकल्प के साथ संबोधित किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।'' भाजपा ने कहा कि इतनी हिंसा के बाद भी सरदार पटेल ने एकता का मार्ग कभी नहीं छोड़ा। इसने कहा, ''यह 1939 का सच्चा इतिहास है–जहां लौह पुरुष अडिग रहे जबकि राजनीतिक अवसरवादी विभाजनकारी ताकतों को खुश करने में लगे रहे। पटेल पर हमला सिर्फ एक व्यक्ति पर हमला नहीं था–यह भारत की एकता पर हमला था।'' भाजपा ने आरोप लगाया गया कि 86 वर्षों तक इस सच्चाई को दबाये रख गया। इसने कहा, ''इतिहासकार रिजवान कादरी ने इसे उजागर किया – यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी सरदार पटेल ने न केवल अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, बल्कि आंतरिक विश्वासघात से भी लड़ाई लड़ी।''



## सरदार पटेल ने भारत की एकता के लिए निरंतर काम किया: रेखा गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता के लिए निरंतर काम किया। गुप्ता अपने मंत्रियों मनजिंदर सिंह सिरसा और प्रवेश सिंह वर्मा के साथ सुबह आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, सरदार पटेल को 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने देश की एकता के लिए निरंतर काम किया। आज सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाई और दिल्ली सरकार भी इस अवसर पर दो दिवसीय एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। मोदी सरकार 2014 से 31 अक्टूबर को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाती आ रही है। भारत के पहले गृह मंत्री और उप-प्रधानमंत्री के रूप में, पटेल को 550 से ज्यादा रियासतों का भारत संघ में विलय कराने का श्रेय दिया जाता है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के तहत भारत के एकीकरण में उनके योगदान को याद करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## उद्धव का आरोप, सरकार किसानों को मौत के मुंह में धकेल रही है, तत्काल कृषि ऋण माफी की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार पर किसानों को ''मौत के मुंह में'' धकेलने का आरोप लगाया और जल्द से जल्द कृषि ऋण माफी की मांग की। प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके ठाकरे ने एक बयान में कहा कि किसान चाहते हैं कि उनकी क्षतिग्रस्त कृषि भूमि को फिर से खेती के योग्य बनाया जाए, लेकिन सरकार इस बारे में कुछ नहीं कर रही है।

सितंबर में महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, खासकर मराठवाड़ा में भारी बारिश और उसके बाद आई बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर फसल बर्बाद हो गईं और उनकी कृषि भूमि की उपजाऊ मिट्टी बह गई। ठाकरे ने कहा, ''सरकार किसानों को मौत के मुंह में धकेल रही है। उसे किसानों को धोखा देने का खेल बंद करना चाहिए और तत्काल कृषि ऋण माफ करना चाहिए।'' वह बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र



के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि कृषि ऋण माफी पर फैसला अगले साल 30 जून तक लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक और प्रहार जनशक्ति पार्टी (पीजेपी) के नेता बच्चू कडू के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की, जो कृषि ऋण माफी के लिए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं।

फडणवीस ने यह भी कहा कि उनके प्रमुख आर्थिक सलाहकार प्रवीण परदेशी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जो किसानों को बार-बार कर्ज के जाल से मुक्त करने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश करेगी। ठाकरे ने कहा कि विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तरी महाराष्ट्र में किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबरें आ रही हैं। उन्होंने पूछा, ''क्या सरकार जून तक इंतज़ार करेगी और किसानों की आत्महत्या की ज़िम्मेदारी लेगी।'' उन्होंने कहा, ''किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं। क्या कर्ज माफी का कोई सही समय हो सकता है। फिर भी सरकार कर्ज माफी की घोषणा करने में टालमटोल कर रही है।''

ठाकरे ने कहा कि सरकार ने किसानों को बहकाकर जून तक का समय ले लिया है। उन्होंने पूछा, ''परदेशी समिति किस तरह का अध्ययन करेगी। अगर अगले जून में कर्ज़ माफ हो जाएगा, तो इस साल के कर्ज़ का क्या होगा। क्या किसानों को रबी की फ़सल के लिए कर्ज़ मिलेगा।''

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हज़ारों करोड़ रुपए की सहायता की घोषणा की है, लेकिन किसानों के खातों में कितना पैसा जमा हुआ है, यह सवाल है।

## राज्य का दर्जा न होना केंद्रशासित प्रदेश सरकार के खराब प्रदर्शन का बहाना नहीं : सिन्हा



**श्रीनगर/भाषा।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं होने को खराब प्रदर्शन का बहाना नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि निर्वाचित सरकार के पास सभी शक्तियां हैं। सिन्हा ने यहां एसकेआईसीसी में जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा है कि पहले परिसीमन, उसके बाद विधानसभा चुनाव और फिर उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। उपराज्यपाल ने कहा, ''लेकिन कुछ लोगों को कुछ समस्याएं हैं। जब विधानसभा चुनाव हुआ था, तो यह स्पष्ट था कि चुनाव केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा के लिए हो रहा है। वे (निर्वाचित सरकार) यह बहाना नहीं बना सकते कि पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने तक काम नहीं किया जा सकता।'' सिन्हा ने कहा कि निर्वाचित सरकार के पास सभी शक्तियां हैं और राज्य का दर्जा न होने के बहाने लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए। सरकार को अपनी शक्तियों का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर के लोगों की बेहतरी के लिए करना चाहिए।

## तेलंगाना में चार साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने का प्रयास, दो आरोपी हिरासत में लिए गए

**हैदराबाद/भाषा।** मध्य प्रदेश के दो लोगों को चौटुप्पल में चार साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के प्रयास के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, दोनों आरोपी (उम्र लगभग 40 वर्ष) घटना के समय कथित तौर पर शराब के नशे में थे।

पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी ने कथित तौर पर बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अपने घर में बुलाया। पुलिस ने बताया कि पड़ोस की एक अन्य लड़की ने जब देखा कि बच्ची को अंदर ले जाया जा रहा है तो उसने तुरंत पीड़िता की मां को इसकी सूचना दी। पुलिस ने कहा, लड़की की मां कुछ अन्य लोगों के साथ उस आदमी के घर पहुंची और उसे बचाया। लड़की की मां की शिकायत के आधार पर, दोनों पुरुषों के खिलाफ नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के प्रयास के आरोप में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## एप्पल ने जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत में सर्वकालिक अधिकतम राजस्व किया दर्ज




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान भारत में अब तक का रिकॉर्ड राजस्व कमाया है।

यह दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजार में मजबूत वृद्धि का संकेत है, जहां प्रौद्योगिकी दिग्गज खुदरा उपस्थिति एवं स्थानीय विनिर्माण को बढ़ा रहा है। कंपनी ने बयान में कहा कि एप्पल ने इस तिमाही में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत अधिक कुल 102.5 अरब अमेरिक डॉलर का राजस्व दर्ज किया। साथ ही नए आईफोन 17 को दुनिया भर में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है जिससे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है। एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने कहा कि कंपनी ने अधिकतर बाजारों में वृद्धि दर्ज की है। अमेरिका, कनाडा, लैटिन अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिम एशिया, जापान, कोरिया और दक्षिण एशिया सहित कई बाजारों में जुलाई-सितंबर तिमाही में रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया गया है।

कुक ने कहा, '' हमने उभरते बाजारों में जुलाई-सितंबर तिमाही में राजस्व का रिकॉर्ड बनाया। भारत में भी सर्वकालिक अधिकतम राजस्व दर्ज किया।'' खुदरा क्षेत्र के बारे में उन्होंने कहा कि कंपनी अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ उत्पाद 'लाइनअप' के साथ वर्ष के सबसे व्यस्त समय में प्रवेश कर रही है।

## लुधियाना में दिनदहाड़े कबड्डी खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या

**लुधियाना/भाषा।** पंजाब के लुधियाना में जगराओं शहर में शुक्रवार को दिनदहाड़े 25 वर्षीय एक कबड्डी खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान तेजपाल सिंह के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर लुधियाना (ग्रामीण) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के कार्यालय के पास हुई। पुलिस ने बताया कि सिंह निजी कारणों से शहर आया था और पांच-छह हमलावरों ने उसे बेरहमी से पीटा और फिर सरेआम गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। एसएसपी अंकुर गुप्ता ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीमें भेज दी गई हैं। उन्होंने बताया कि यह व्यक्तिगत दुश्मनी का मामला हो सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है और आगे की जांच जारी है।

## व्यवसाय तीन साल से लंबित जीएसटी रिटर्न नहीं भर पाएंगेः जीएसटीएन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शुक्रवार को कहा कि व्यवसाय नवंबर कर अवधि से तीन साल या उससे अधिक समय के लिए देय जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटीएन (जो प्रौद्योगिकी क्षेत्र की रीढ़ है) ने एक परामर्श में कहा कि सभी जीएसटी-पंजीकृत व्यवसायों के लिए मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिटर्न नियत तिथि से तीन साल की समाप्ति के बाद दाखिल करने पर रोक लगा दी जाएगी।

जीएसटीएन ने कहा, '' यह प्रतिबंध जीएसटी मंच पर नवंबर 2025 कर अवधि से लागू किया जाएगा, जिसका मतलब है कि कोई भी रिटर्न जिसकी देय तिथि तीन साल या उससे अधिक पहले थी और नवंबर कर अवधि तक दाखिल नहीं किया गया है, उसे दाखिल करने से रोक दिया जाएगा।'' सरकार ने 2023 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून में संशोधन कर जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा तय कर दी थी।

जीएसटीएन के 29 अक्टूबर को जारी परामर्श में कहा गया कि एक दिसंबर 2025 से प्रभावी, अक्टूबर 2022 को देय मासिक जीएसटी रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 और जीएसटीआर-3बी और वित्त वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक जीएसटी रिटर्न जीएसटीआर-9 समय-बाधित हो जाएंगे।''

## 'जिस विचारधारा का आजादी में योगदान नहीं, वह महापुरुषों की विरासत हथियाने की कोशिश में'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस विचारधारा की आजादी की लड़ाई और संविधान के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी वह अपना हित साधने के लिए महापुरुषों की विरासत को हथियाने की कोशिश कर रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज जब राष्ट्र सरदार पटेल की 150वीं जयंती मना रहा है, तब हमें यह भी याद करना चाहिए कि 13 फ़रवरी 1949 को जवाहरलाल नेहरू ने गोधरा में सरदार पटेल की एक प्रतिमा का अनावरण किया था। गोधरा से ही भारत के लौह पुरुष ने अपनी वकालत शुरू की थी। उन्होंने कहा कि उस अवसर पर पंडित नेहरू का दिया गया भाषण



बार-बार पढ़ा जाना चाहिए, क्योंकि उससे दोनों नेताओं की तीन दशकों से भी अधिक समय तक चली गहरी और मजबूत सहयात्रा की जानकारी मिलती है।

रमेश का कहना है, सरदार पटेल की 75वीं जयंती की पूर्व संध्या पर पंडित नेहरू ने अपने संदेश में कहा था : 'बहुत कम लोगों के पास सरदार पटेल जैसा इतना लंबा और उल्लेखनीय सेवा-कार्य का इतिहास है'।

उनके मुताबिक, नेहरू ने यह भी कहा था, ...मैं राष्ट्रीय गतिविधियों में उनके साथ तीस वर्षों की मित्रता और घनिष्ठ सहयोग को याद करता हूँ। यह समय उतार-चढ़ाव और बड़े घटनाक्रमों से भरा रहा है और इससे हम सबकी कड़ी परीक्षा हुई है।

## सपकाल ने मुंबई पुलिस पर उनकी जासूसी किए जाने का आरोप लगाया



**मुंबई/भाषा।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मुंबई पुलिस उनकी जासूसी कर रही है और सादे कपड़ों में एक अधिकारी उनके कमरे तक आ गया था।

पार्टी मुख्यालय तिलक भवन में संवाददाताओं से बातचीत में सपकाल ने दावा किया कि हाल के दिनों में यह तीसरी ऐसी घटना है। उन्होंने कहा, आज सुबह एक पुलिसकर्मी सर्वोदय आश्रम में मेरे शयनकक्ष में घुस आया और मुझसे पूछने लगा कि क्या मैं कोई संवाददाता सम्मेलन कर रहा हूं और क्या यहां पत्रकार आए थे। जब मैंने पूछा कि ऐसा करने का आदेश किसने दिया है, तो उसने कहा कि वह वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। सपकाल ने सवाल उठाया कि क्या यह जासूसी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आदेश पर की जा रही है। उन्होंने कहा, भाजपा का विरोधियों की जासूसी करने का इतिहास रहा है –पहले पेगासस, फिर फोन टैपिंग, और अब वे हमारे शयनकक्षों तक पहुंच गए हैं। लेकिन इस तरह की धमकियां हमें रोक नहीं पाएंगी।




## होंडा 2030 तक भारत में 10 नए मॉडल करेगी पेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**टोक्यो/भाषा।** जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा 2030 तक भारतीय बाजार में सात एसयूवी समेत 10 नए मॉडल पेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य तेजी से बढ़ते भारतीय यात्री वाहन बाजार में बिक्री और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना है।

होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के निदेशक, अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि तोशीहिरो मिबे ने यहां एक बातचीत में कहा कि वाहन विनिर्माता चीन स्थित मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के उदय के साथ वैश्विक बाजारों में बदलाव के बीच भारतीय बाजार के लिए रणनीतियों को अंतिम रूप दे रहा है।

कंपनी उत्तरी अमेरिका, जापान और भारत को अपने प्रमुख बाजारों के रूप में देखती है। मिबे ने कहा, '' भारत एक प्राथमिकता वाला बाजार होगा और यही वह बाजार है जहां हम आगे और अधिक प्रयास करना चाहते हैं। होंडा में, हमने विशेष रूप से भारतीय बाजार के लिए एक परियोजना दल का गठन किया है जो अब भारतीय बाजार के लिए रणनीति तैयार करने पर काम कर रहा है।''

मिसाल के तौर पर उन्होंने कहा कि जिस तरह होंडा के दोपहिया वाहन भारतीय आपूर्तिकर्ताओं और मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ सहयोगात्मक दृष्टिकोण के साथ भारतीय बाजार में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उसी तरह देश में स्थानीयकरण को अधिकतम करने के लिए कार व्यवसाय के लिए भी इसी तरह की साझेदारियां हो सकती हैं।

योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए होंडा कार्स इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ताकाशी नाकाजिमा ने कहा कि कंपनी की देश के लिए आक्रामक योजनाएं हैं। उन्होंने कहा, '' हम 2030 तक भारत में 10 और मॉडल पेश करने की योजना बना रहे हैं। एसयूवी के मुख्यधारा में आने के साथ 10 में से सात मॉडल इसी खंड से होंगे।''

कंपनी वर्तमान में बाजार में केवल एक एसयूवी मॉडल 'एलिवेट' बेचती है। इसके साथ ही सेडान खंड के दो अन्य वाहन अमेज और सिटी भी उपलब्ध हैं।

होंडा अपनी अगली पीढ़ी की इलेक्ट्रिक कार 'होंडा 0 अल्फा' का उत्पादन भारत में करने की योजना बना रही है। बाद में जापान और कुछ अन्य एशियाई देशों को निर्यात के लिए भी वह इसका उपयोग करेगी। इस मॉडल के भारत और जापान में 2027 में बिक्री के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है।

## मुरादाबाद से हैदराबाद तक, अजहरुद्दीन अपनी राजनीतिक पारी में 'नॉट आउट'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** क्रिकेट की पिच पर 'कलाई के जादूगर' रहे मोहम्मद अजहरुद्दीन ने अपनी सियासी पारी की शुरुआत मुरादाबाद में लोकसभा चुनाव में जीत के साथ की थी और कई उतार-चढ़ाव के बावजूद वह 'नॉट आउट' बने हुए हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजहरुद्दीन ने तेलंगाना में शुक्रवार को मंत्री पद की शपथ ली।

उनका क्रिकेट करियर उस वक्त अचानक खत्म हो गया, जब 2000 में उनका नाम 'मैच फिक्सिंग' प्रकरण से जुड़ा था और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनपर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, 2012 में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने इस प्रतिबंध को अवैध घोषित कर दिया। अजहरुद्दीन ने 2009 में अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की,



कांग्रेस में शामिल हुए और उसी वर्ष उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से लोकसभा चुनाव जीता। बाद में, उन्होंने 2014 में राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा। उन्हें 30 नवंबर 2018 को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। हैदराबाद के रहने वाले पूर्व क्रिकेटर ने 2019 का लोकसभा चुनाव तेलंगाना के सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से लड़ना चाहा था, लेकिन उन्हें यह मौका नहीं मिला। अजहरुद्दीन ने 2023 में जुबली हिल्स सीट से तेलंगाना विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके थे।

RNI No. 58061/93 ▪ वर्ष - 21 ▪ अंक - 97 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 01-11-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर पत्रकार पर भड़के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या

6 सीनियर सिटीजन ही क्यों डिजिटल अरेस्ट के निशाने पर होते है!

7 मोहनलाल की बेटी विस्मया 'थुडक्कम' से मलयालम सिनेमा में करेंगी डेब्यू

## फर्स्ट टेक

### आतंकी संगठनों से जुड़े तीन संदिग्ध हिरासत में लिए गए : पुलिस

**जोधपुर/भाषा।** राजस्थान में कथित आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में शनिवार को तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो संदिग्धों को जोधपुर में और एक को जैसलमेर में पकड़ा गया है। राजस्थान एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, आतंकवादी संगठनों से जुड़े संदिग्धों को पकड़ने के लिए आज जोधपुर संभाग में कई जगहों पर छापेमारी की गई।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### वायरल का बुखार

हो रहा आज वायरल कुछ भी,
सच और झूठ को बिन जाने।
धूर्तों का बन गया सबल यंत्र,
कर रहे स्वार्थ हित को पाने।
कट पेस्ट और फारवर्ड करे,
सोशल मिडिया के दीवाने।
कितना घातक यह खेल बना,
हम सारे इससे अनजाने।



# भारत की एकता और जनसांख्यिकीय संतुलन के लिए खतरा हैं घुसपैठिए : मोदी

## सरदार पटेल पूरे कश्मीर का विलय करना चाहते थे, लेकिन नेहरू ने उनकी वह इच्छा पूरी नहीं होने दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**एकता नगर (गुजरात)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अवैध आव्रजन भारत के कुछ हिस्सों में जनसांख्यिकीय संतुलन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने घुसपैठियों को देश की ''एकता और अखंडता के लिए बड़ा खतरा'' बताते हुए उन्हें बाहर निकालने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई का विरोध करने वालों को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि कहीं देश फिर से विभाजित तो नहीं हो जाएगा।

राष्ट्रीय एकता दिवस परेड देखने के बाद मोदी ने कहा, ''आज देश की एकता और अखंडता को घुसपैठियों से बड़ा खतरा है।'' उन्होंने कहा कि दशकों से घुसपैठिए देश में घुसपैठ कर रहे हैं, वे हमारे देश के संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं और उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ा है और देश की एकता को खतरे में डाला है।

मोदी ने आरोप लगाया, ''पिछली सरकारों ने इस बड़े खतरे के प्रति अपनी आंखें बंद कर ली थीं। उन्होंने वोट बैंक की राजनीति के लिए देश की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन अब पहली बार देश ने इस खतरे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। मैंने लाल किले से (15 अगस्त, 2025 को) जनसांख्यिकी मिशन की घोषणा की थी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं, लेकिन कुछ लोग देशहित को प्राथमिकता देने के बजाय अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठियों को अधिकार दिलाने की राजनीतिक लड़ाई छेड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इसका विरोध करने वालों का मानना है कि देश एक बार तो विभाजित हो ही चुका है, अगर भविष्य में यह फिर से बिखरता है तो उन्हें कोई परवाह नहीं है। लेकिन सच्चाई यह है कि जब देश की सुरक्षा और पहचान खतरे में होती है तो हर कोई इससे प्रभावित होता है।''

## युद्ध के तरीके बदल रहे हैं : जनरल द्विवेदी



**नई दिल्ली/भाषा।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध के तरीके लगातार बदल रहे हैं और अब ये आमने सामने नहीं लड़े जाते, इसलिए सैन्य शक्ति, बौद्धिक और प्रौद्योगिकीय तैयारी करने की आवश्यकता है। सेना प्रमुख ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि चाणक्य की शिक्षाएं ''हमें याद दिलाती हैं कि उभरती शक्तियां अनिवार्य रूप से प्रतिपक्षी गठजोड़ को उकसाती हैं।'' उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय सुरक्षा में इन प्रतिक्रियाओं के विरुद्ध रणनीतिक संतुलन और प्रतिरोध की तैयारी शामिल है। इसमें हमारे लिए अपार अवसर है, दुनिया की सबसे युवा आबादी का जनसांख्यिकीय लाभांश, बदलती प्रौद्योगिकियां और एक रणनीतिक भूगोल।'' सेना प्रमुख ने कहा कि चुनौतियां भी हैं। उन्होंने युद्ध की बदलती प्रकृति और इस परिदृश्य में आवश्यक प्रतिक्रियाओं पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले, हमारे बीच पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता और कपटपूर्ण खतरे हैं, जिनके कारण आधे से अधिक, यानी ढाई से ज़्यादा, मोर्चे पर चुनौतियां पैदा हो रही हैं। दूसरा यह कि आतंकवाद, छद्म युद्ध और आंतरिक ख़तरे अभी भी बने हुए हैं। तीसरा, और उससे भी अधिक महत्वपूर्ण, दुष्प्रचार अभियान हमारे सामाजिक ताने-बाने को भीतर से तोड़ने की कोशिश करते हैं।''



# भारत और अमेरिका ने रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को 10 वर्ष के एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सामंजस्य का ''संकेत'' बताया।

यह समझौता कुआलालंपुर में हुई बैठक के दौरान राजनाथ सिंह और उनके अमेरिकी समकक्ष पीटर हेगसेथ के बीच संपन्न हुआ।

यह समझौता ऐसे समय पर हुआ है जब अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।

राजनाथ सिंह ने हेगसेथ के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमने 10 साल के लिए 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हमारे पहले से मजबूत रक्षा सहयोग में एक नए युग की शुरुआत करेगा।''

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह समझौता भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों में नीति दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, ''यह हमारे बढ़ते रणनीतिक सामंजस्य का संकेत है और यह साझेदारी के एक नए दशक की शुरुआत करेगा।'' सिंह ने कहा, ''रक्षा क्षेत्र हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ बना रहेगा। हमारी साझेदारी मुक्त, खुला और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।''

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेथ ने कहा कि यह समझौता ''हमारी रक्षा साझेदारी को और आगे बढ़ाता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और प्रतिरोध क्षमता का एक आधारस्तंभ है। उन्होंने कहा, ''हम समन्वय, सूचना साझेदारी और तकनीकी सहयोग को मजबूत कर रहे हैं।







# लौह पुरुष सरदार पटेल ने रियासतों का विलय कर सशक्त राष्ट्र का किया निर्माण : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद रियासतों का विलय कर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया था। सरदार पटेल ने लोगों के दिल में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना जगाई। उनका लक्ष्य एक ऐसे भारत का निर्माण करना था, जो विविधता में एकता का प्रतीक हो और यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे हर परिस्थिति में राष्ट्र हित और राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि रखें, जिससे एक सशक्त तथा आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो।

शर्मा शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 'सरदार150' के तहत आयोजित 'एकता मार्च' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में 560 से अधिक रियासतों में से कुछ रियासतें अपने स्वतंत्र अस्तित्व में रहना चाहती थीं। सरदार पटेल ने रियासतों के राजाओं को कहा कि एक संगठित और संयुक्त भारत में ही प्रजा का भविष्य सुरक्षित है।

कुछ राजाओं ने स्वेच्छा से विलय किया, तो कुछ को राजनीतिक दबाव की जरूरत पड़ी। शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व से जूनागढ़ एवं हैदराबाद जैसी रियासतें भी भारत का अभिन्न अंग बन गई। उनकी दृढ इच्छाशक्ति से ही आधुनिक भारत की परिकल्पना संभव हो पाई।

एकता मार्च के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज हाथ में थामे गांधी सर्किल से अमर जवान ज्योति तक 3 किलोमीटर का सफर तय कर लगभग 40 मिनट तक जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनता ने मुख्यमंत्री के साथ पूरे जोश और उत्साह से पैदल मार्च में हिस्सा लिया। पूरे मार्ग में देशभक्ति और एकता के नारों के साथ वातावरण गुंजायमान हो उठा। आमजन ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का जेडीए तथा रामबाग सर्किल पर स्वागत-अभिनंदन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, खिलाडियों, पुलिस आरएसी के जवानों, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, स्काउट गाइड, विश्वविद्यालय तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में आमजन ने पैदल मार्च किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अमर जवान ज्योति पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया।

शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल की केवल कश्मीर में नहीं मानी गईं और वहां धारा 370 जैसा कानून लगा दिया गया था। लेकिन आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरदार पटेल का वह अधूरा सपना पूरा हो चुका है। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा कर वहाँ शांति और विकास का मार्ग खोल दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग है और यह सरदार पटेल को सही मायने में सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने पिछले दो वर्षों में 91 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं और डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। साथ ही, युवा उद्यमियों को 140 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि वे पूरी मेहनत के साथ तैयारी करें, सरकार आपके साथ खड़ी है।

शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता पखवाड़े के तहत आयोजित एकता मार्च 'विकसित राजस्थान-विकसित भारत' के सपने को पूरा करने का एक संकल्प है। इस एकता मार्च में शामिल होकर हमने सरदार पटेल के विचारों को जीवंत किया है। उन्होंने कहा कि जैसे सरदार पटेल ने 560 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया, वैसे ही हम सभी को मिलकर विविधता में एकता को मजबूत करना है। शर्मा ने कहा कि आज का युवा भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। जब युवा शक्ति जागृत होती है, तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं रहता। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के सपनों का भारत को साकार करने में सक्रिय भागीदार बने।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने आमजन को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने गांधी सर्किल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, श्रीमती मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, जितेन्द्र गोठवाल, गोपाल शर्मा, डॉ. कैलाश वर्मा, बालमुकुंदाचार्य एवं पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 6 हजार 206 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम वितरित : डॉ. किरोड़ी लाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और इसके क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए शुक्रवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राज्य के बीमित कृषकों को अब तक 6 हजार 206 करोड़ रुपये का क्लेम वितरित किया जा चुका है।

कृषि मंत्री ने बीमा कंपनी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीमा क्लेम में आ रही समस्याएं, क्लेम सेटलमेंट और पोस्ट हार्वेस्टिंग से संबंधित प्रकरणों का समाधान कर किसानों को जल्द से जल्द बीमा क्लेम उपलब्ध कराया जाये। पारदर्शी फसल कटाई प्रयोग प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए शतप्रतिशत फसल कटाई प्रयोग ऑनलाईन संपादित किये जायें। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन फसल कटाई प्रयोगों में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। फसल कटाई प्रयोगों का आयोजन कार्यक्रम के अनुसार ही संपादित किया जाये। उन्होंने राजस्व विभाग और कृषि विभाग के जिलों में पदस्थापित अधिकारियों का दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम रखकर फसल बीमा योजना संबंधि जानकारियों का प्रशिक्षण देने के लिए कहा। जिससे अधिकारी फिल्ड में रहकर बीमा क्लेम में आ रही समस्याओं का समाधान कर सकें।

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राज्य में डीएपी व यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राज्य सरकार किसानों को गुणवत्ता पूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रयासरत है। राज्य सरकार भारत सरकार से समन्वय बनाकर अधिकाधिक डीएपी व यूरिया की आपूर्ती के लिए प्रयासरत है। उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं नकली उर्वरकों पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा समय समय पर विशेष गुण नियंत्रण अभियान चलाये जाते हैं। उन्होंने जिले में पदस्थापित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जमाखोरी व कालाबाजारी का पूर्ण ध्यान रखें और बोर्डर ऐरिया के जिले चेकपोस्ट स्थापित कर यूरिया व डीएपी के डाईवर्जन को रोकें। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य अवांछित प्राकृतिक घटनाक्रम के कारण फसल हानि होने पर कृषकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, कृषकों की आय को सुदृढ़ करना, जिससे वे कृषि कार्य सुचारू रूप से कर सकें और किसानों को नवीन व आधुनिक कृषि कार्यां के लिए प्रोत्साहित करना है।



## आज देश को फिर चाहिए इंदिरा जैसी आयरन लेडी : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, इंदिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, विधायक, प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इंदिरा गांधी और सरदार पटेल के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डोटासरा ने कहा कि इंदिरा गांधी सच्चे अर्थों में देश की आयरन लेडी थीं, जिन्होंने पूरे विश्व में भारत की एक मजबूत छवि स्थापित की। उन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर के दिखाया और देश को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया। वहीं सरदार पटेल ने भारत के एकीकरण का जो कार्य किया, वह अमर रहेगा।

उन्होंने कहा कि आज के हालात देखकर लगता है कि देश को फिर से इंदिरा गांधी जैसे साहसिक नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने कहा आज जो आरएसएस देश की जनता से वोट नहीं लेता, वही सरकारों पर नियंत्रण कर रहा है। राजस्थान जैसा स्वतंत्र राज्य अब केंद्र शासित प्रदेश की तरह काम कर रहा है, जहां ब्यूरोक्रेसी पूरी तरह हावी है। मुख्यमंत्री और मंत्री खुद भी नौकरशाही के आगे असहाय हैं।

डोटासरा ने कहा कि भाजपा आज लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति है। जो भी सरकार के खिलाफ बोलता है, उस पर ईडी, इनकम टैक्स या सीबीआई की कार्रवाई होती है। मीडिया की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक हालात पर भी तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अब प्रदेश में डीजी पर डीजी और डीजी पर डीजी की नियुक्तियां कर सरकार ने पुलिस प्रशासन का इकबाल खत्म कर दिया है।

डोटासरा ने कहा मंत्री अपने दौरे पर जाते हैं तो उनसे मिलने तक कोई नहीं आता। भाजपा कार्यकर्ता भी सरकार से निराश हैं, क्योंकि उन्हें विश्वास नहीं कि उनके जायज काम पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में हर कांग्रेस कार्यकर्ता को इंदिरा गांधी और सरदार पटेल से प्रेरणा लेकर साहस, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम करना होगा। जैसे राहुल गांधी निडरता के साथ केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रहे हैं, वैसे ही हर कार्यकर्ता को लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आना होगा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्षों समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जैसलमेर के सम धोरों के पास रिजॉर्ट में आग से पांच टेंट जलकर खाक

जयपुर। जैसलमेर के विख्यात सम के धोरों के पास स्थित एक रिजॉर्ट के टेंट में बृहस्पतिवार देर शाम आग लग गई जिससे पांच आलीशान टेंट जलकर खाक हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उसने बताया कि जिस समय आग लगी पर्यटक लगभग 50 मीटर दूर आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। उसने बताया कि घटना उस समय हुई जब रिजॉर्ट के बीचोंबीच बने मंच पर संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। पुलिस ने कहा, अचानक एक टेंट में आग लग गई, जो तेजी से पास के अन्य टेंट में फैल गई। कुछ ही मिनटों में पांच आलीशान टेंट इसकी चपेट में आ गए। रिजॉर्ट के कर्मचारियों और पर्यटकों ने रेत डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, और लगभग 30 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया गया। सम क्षेत्र के रिजॉर्ट में शाम के समय राजस्थानी लोक गायकों और कालबेलिया नर्तकों के सांस्कृतिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

## कई जगह हल्की से मध्यम बारिश

जयपुर। एक नए मौसमी चक्र के असर से राजस्थान में बारिश का दौर जारी है और बीते चौबीस घंटे में कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, शुक्रवार सुबह तक बीते 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर तथा पश्चिमी राजस्थान में कहीं कहीं पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान सर्वाधिक वर्षा जगपुरा (बांसवाड़ा) में 57.0 मिलीमीटर दर्ज की गई। अधिकतम तापमान बाड़मेर में 34.0 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान पाली (जवाई बाँध) में 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## एमबीबीएस के छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या की: पुलिस

जयपुर। राजस्थान के भरतपुर में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे एक युवक ने अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अलवर निवासी अविरल सैनी (23) शुक्रवार सुबह छात्रावास की दूसरी मंजिल पर अपने कमरे में पंखे से लटका मिला। सैनी एमबीबीएस के तृतीय वर्ष का छात्र था और उसकी शुक्रवार को परीक्षा थी। पुलिस ने कहा, जब उसके दोस्त उसे जगाने गए तो कमरा अंदर से बंद था।

## न्यायालय के भवन में बम की धमकी मिली

जयपुर। जयपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के भवन में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को न्यायालय परिसर, जयपुर को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर आतंकवादी निरोधक दस्ते, एटीएस और श्वान दस्ते की टीम अदालत परिसर पहुंची। पुलिस ने कहा, तलाशी तथा जांच के लिए अदालत परिसर को खाली करा लिया गया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में शहर के कई स्कूलों और स्थानीय अदालतों को इस तरह की धमकियां मिलीं जो बाद में झूठी निकलीं।

## आतंकी संगठनों से जुड़े तीन संदिग्ध हिरासत में लिये गए : पुलिस

जोधपुर। राजस्थान में कथित आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में शनिवार को तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो संदिग्धों को जोधपुर में और एक को जैसलमेर में पकड़ा गया है। राजस्थान एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, आतंकवादी संगठनों से जुड़े संदिग्धों को पकड़ने के लिए आज जोधपुर संभाग में कई जगहों पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि छापेमारी जारी है।

## कंटेंट क्रिएटर्स को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन न करने की चेतावनी

कोटा। राजस्थान के बारां जिला प्रशासन ने आगामी 11 नवंबर को होने वाले अंता विधानसभा उपचुनाव से पहले यूट्यूबरों और अन्य सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन न करने की चेतावनी दी है। प्रशासन ने यह कदम चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया है। अधिकारियों ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर के पर्यवेक्षण में गठित मीडिया प्रकोष्ठ और मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर प्रसारित हो रही सामग्री की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही है। एमसीएमसी प्रभारी एवं सहायक निदेशक जनसंपर्क योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि हाल ही में यूट्यूबरों और अन्य कंटेंट क्रिएटर्स द्वारा सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे पोस्ट किए गए हैं जो दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हैं।

## पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों के कल्याण हेतु सभी सकारात्मक सोच रखते कार्य करें : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण से संबंधित लंबित निर्णयों पर सकारात्मक सोच रखते हुए त्वरित कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए जयपुर में वृद्धाश्रम, जोधपुर में एकीकृत परिसर और विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों का नामकरण बलिदानी योद्धाओं के नाम पर किए जाने की समयबद्ध नीति पर सिद्धान्त स्वीकृति प्रदान की है। राज्यपाल बागड़े शुक्रवार को राजभवन में राज्य सैनिक बोर्ड की अठारहवीं बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से संबंधित समस्याओं के प्रभावी और समयबद्ध निराकरण के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण से जुड़े कार्यों को मन से किया जाए। उन्होंने कहा कि सैनिक देश के लिए लड़ते हैं। उनके कारण ही हम चैन की नींद सो पाते हैं। उनके प्रति समाज को कृतज्ञ रहते हुए कार्य करना चाहिए। बैठक में सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह



राठौड़, राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, सैनिक बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर, मुख्य सचिव सुधांश पंत भी उपस्थित रहे। बैठक में राज्यपाल बागड़े ने राजगढ़, चूरू में सैनिक कल्याण कार्यालय की स्थापना पर सैद्धान्तिक सहमति भी प्रदान की। बैठक में जोधपुर में राईका बाग स्थित सैनिक कल्याण विभाग परिसर में आधुनिक निर्माण कार्य के अंतर्गत वहां एकीकृत सैनिक परिसर विकसित किए जाने पर भी विचार किया गया। इस सम्बन्ध में राज्यपाल ने निर्देश दिए कि निर्माण व्यावहारिकता का परीक्षण कर केंद्र और राज्य सरकार की योजनांतर्गत कार्य किया जाए।

बैठक में राज्यपाल बागड़े ने बलिदानी योद्धाओं के नाम से विद्यालयों और सार्वजनिक संस्थाओं के नामकरण हेतु एक समान नामकरण नीति अपनाए जाने पर भी जोर दिया गया। उन्होनें कहा कि बलिदानी योद्धा के नामकरण के नाम पर समयावधि का निर्धारण कर नीति का प्रावधान किया जाए। इस संबंध में उन्होंने सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में शौर्य पदकों से अलंकृत सैनिकों की सम्मान राशि में बढ़ोतरी किए जाने और अन्य राज्यों में इससे सबंधित हुए निर्णयों के आलोक में व्यावहारिक नीति बनाकर कार्य किए जाने पर सहमति जताई गई। राज्यपाल ने यह भी निर्देश दिए कि सैनिकों के कल्याण और विकास के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी प्रसार किया जाए। बैठक में राज्य में उपनिवेशन विभाग द्वारा शौर्य पुरस्कार के संदर्भ में पूर्व में समयानुरूप निर्णय नहीं होने से अव्यावहारिक हुए आदेशों के संबंध में संशोधन से जुड़ी अधिसूचना जारी करने पर भी सहमति जताई गई।

## निजी 'स्लीपर' बस वालों की हड़ताल, लोग हुए परेशान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कई शहरों में शुक्रवार को निजी 'स्लीपर' बसें नहीं चलने से बड़ी संख्या में यात्री परेशान हुए। ये बस संचालक परिवहन विभाग द्वारा ऐसी बसों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं और उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। जोधपुर और कोटा समेत कई जिलों में निजी 'स्लीपर' बसें शुक्रवार को नहीं चलीं। ट्रैवल एजेंसियों ने बुकिंग रद्द कर दी है जिससे यात्रियों के पास राजस्थान राज्य परिवहन निगम रोडवेज की बसों और ट्रेनों का ही सहारा बचा। हाल में कई 'स्लीपर' बसों में आग लगने एवं अन्य दुर्घटनाओं के बाद परिवहन विभाग ने अभियान छेड़ा है।

'ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट बस ओनर्स एसोसिएशन' की जोधपुर इकाई के अध्यक्ष जफर खान ने आरोप लगाया कि विभाग मनमाने तरीके से कार्रवाई कर रहा है और उसने परमिट के उल्लंघन के आरोप में कई बसों को जब्त कर लिया है।

उन्होंने कहा, ''अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से शुरू हुई। जोधपुर में लगभग 500 बसें चल नहीं रहीं। परिवहन विभाग ने परमिट के उल्लंघन पर मनमाने जुर्माने लगाए हैं जिससे बस संचालकों में रोष है।'' उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग ने 'स्लीपर' बसों में आपातकालीन निकासी द्वार न होने जैसे बदलावों पर आपत्ति जताई है ऐसे में 'हम आदेशों का पालन करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए हमें समय चाहिए।'' उन्होंने कहा,''विभाग ने उन बस बॉडी सेंटरों को भी सील कर दिया है जहां बसों में बदलाव किए जाते हैं। इसलिए अब हमें आवश्यक बदलाव करवाने में समस्या आ रही है। परमिट जारी किए जा चुके हैं और उन्हीं बसों की फिटनेस जारी भी की चुकी है, लेकिन अब विभाग जुर्माना लगा रहा है।





# भाजपा नेता के बेटे सहित अन्य ने टोल बूथ कर्मचारी को पीटा, वीडियो वायरल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विजयपुरा। कर्नाटक में विजयपुरा-कलबुर्गी राजमार्ग के एक टोल बूथ पर भुगतान करने के लिए कहने पर भारतीय जनता पार्टी के एक नेता के बेटे और उसके दोस्तों ने वहां के एक कर्मचारी के साथ कथित तौर पर मारपीट और गाली-गलौज की। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई और सोशल मीडिया मंचों पर साझा की जा रही है। पुलिस ने बताया कि यह घटना कथित तौर पर कन्नोली में बृहस्पतिवार को हुई। उसने बताया कि सोशल मीडिया पर आए वीडियो में भाजपा नेता विजुगौड़ा पाटिल का बेटा समर्थगौड़ा और उसके दोस्त टोल बूथ कर्मचारी के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते नजर आ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, समर्थगौड़ा और उसके दोस्त एक वाहन में विजयपुरा से सिंदगी जा रहे थे। जब उन्हें टोल बूथ पर रोका गया और टोल देने के लिए कहा गया तो समर्थगौड़ा ने कथित तौर पर कर्मचारी से कहा, क्या तुम जानते हो मैं कौन हूं? मैं भाजपा नेता विजुगौड़ा पाटिल का बेटा हूं। उसने बताया कि जब कर्मचारी ने कथित तौर पर पूछा, कौन विजुगौड़ा? तो समर्थगौड़ा और उसके दोस्तों ने कर्मचारी के साथ मारपीट की और दुर्व्यवहार किया, जैसा कि वीडियो में देखा जा सकता है। टोल बूथ के अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव करके स्थिति को बिगड़ने से रोका। पुलिस ने बताया कि इस घटना में टोल कर्मचारी संगप्पा घायल हो गया और उसे सिंदगी तालुका अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें इस संबंध में टोल कर्मचारियों से अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

# शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर पत्रकार पर भड़के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने शुक्रवार को एक पत्रकार द्वारा संभावित नेतृत्व परिवर्तन के बारे में पूछे जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इन अटकलों को खारिज किया कि उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार नवंबर में मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल सकते हैं। पत्रकार ने मुख्यमंत्री से उन खबरों पर प्रतिक्रिया मांगी थी जिनमें दावा किया गया है कि शिवकुमार ने अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए 21 नवंबर की तारीख तय की है। सिद्दरामय्या ने पूछा, ''क्या उन्होंने (शिवकुमार ने) आपको बताया है? आपको कैसे पता चला?'' पत्रकार ने जब कहा कि ''उन्होंने इस बारे में अखबार में पढ़ा है, तो मुख्यमंत्री ने पलटकर कहा, आप इसे अखबार में कैसे देखेंगे? कौन सा अखबार? मैंने इसे कहीं नहीं देखा, हालांकि मैं सभी अखबार पढ़ता हूं।''

अगले महीने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के आधे पड़ाव पर पहुंचने के साथ ही संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें लगाई जा रही हैं – एक ऐसा चरण जिसे कुछ लोगों ने ''नवंबर क्रांति'' का नाम दिया है। मई 2023 में विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद शीर्ष पद के लिए दोनों नेताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। कांग्रेस आलाकमान ने अंततः शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री पद संभालने के लिए राजी कर लिया था।

उस समय, खबरों में कहा गया था कि सिद्दरामय्या के ढाई साल मुख्यमंत्री रहने के बाद शेष ढाई साल के लिए शिवकुमार मुख्यमंत्री पद संभालेंगे। हालाँकि, पार्टी ने कभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की।


## खानाबदोश समुदायों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण की मांग पर विचार किया जाएगा : सिद्दरामय्या

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने बृहस्पतिवार को खानाबदोश समुदायों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन समुदायों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण के प्रस्ताव की मांग पर विचार किया जाएगा और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। खानाबदोश समुदाय महासंघ के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा भवन (विधान सौधा) में मुख्यमंत्री से मुलाकात की और आंतरिक आरक्षण की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने उनकी अपील पर आश्वासन दिया कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी। उन्होंने कहा, सरकार खानाबदोश समुदायों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह विचार करेगी कि उन्हें एक प्रतिशत आरक्षण किस प्रकार दिया जा सकता है तथा इस संबंध में उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति के उत्थान के लिए एससीपी/टीएसपी (अनुसूचित जाति योजना/ जनजाति उप-योजना) कार्यक्रम लागू किए हैं।

# आईसीईए, जीएसए ने की रणनीतिक साझेदारी

## भारत की वैश्विक सेमीकंडक्टर भूमिका को देंगे बढ़ावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) और ग्लोबल सेमीकंडक्टर अलायंस (जीएसए) ने शुक्रवार को एक रणनीतिक सहयोग की घोषणा की। इसका उद्देश्य वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य शृंखला में भारत के एकीकरण में तेजी लाना है। आईसीईए और जीएसए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'इंडिया सेमीकंडक्टर लीडरशिप राउंडटेबल' के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गई। आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा एक बदलाव के मोड़ पर है। सही नीतिगत ढांचे और वैश्विक साझेदारी के साथ देश एक आत्मनिर्भर एवं वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी परिवेश की नींव रख रहा है। आईसीईए ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत आईसीईए और जीएसए 2026 में 'इंडिया सेमीकंडक्टर लीडरशिप समिट' की सह-मेजबानी करेंगे। यह भारत की उभरती निर्माण और पैकेजिंग इकाइयों के साथ जुड़ने के लिए वैश्विक कंपनियों एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों को एक साथ लाएगा।

जीएसए की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जोडी शेल्टन ने कहा कि आईसीईए और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के साथ साझेदारी भारत के गतिशील नवाचार को वैश्विक सेमीकंडक्टर परिवेश से जोड़ने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और ईएसएम के सीईओ अमितेश कुमार सिन्हा ने कहा कि आईसीईए-जीएसए सहयोग समयानुकूल एवं रणनीतिक दोनों है।

## सोना गायब होने के मामले में सबरीमला मंदिर के पूर्व अधिकारी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

पथनमतिट्टा/भाषा। एक अदालत ने शुक्रवार को सबरीमला मंदिर के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बी मुरारी बाबू को मंदिर से सोना गायब होने के मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने दोपहर में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के अधिकारी को न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। इससे पहले, अदालत ने पूछताछ के लिए अधिकारी को चार दिन की एसआईटी हिरासत में भेज दिया था। अदालत द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी कोई शिकायत है, बाबू ने कहा कि उन्हें कोई शिकायत नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्हें तिरुवनंतपुरम विशेष जेल ले जाया जाएगा। इस बीच, एसआईटी ने तिरुवनंतपुरम स्थित अपराध शाखा कार्यालय में सबरीमाला के पूर्व कार्यकारी अधिकारी डी. सुधीश कुमार से पूछताछ की।

सूत्रों ने बताया कि मामले में सह-आरोपी कुमार नोटिस जारी होने के बाद पेश हुए। उन पर यह तथ्य छिपाने का आरोप है कि द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों और चौखटों पर सोने की परत चढ़ी हुई थी, और उन्होंने आधिकारिक दस्तावेजों में उन्हें तांबे की चादरों के रूप में दर्ज किया।

# तिरुमला मंदिर में वार्षिक 'पुष्प यज्ञ' के लिए नौ टन फूलों का इस्तेमाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुपति। तिरुमला स्थित विश्व प्रसिद्ध भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 'पुष्प यज्ञ' अनुष्ठान के लिए लगभग नौ टन फूलों का उपयोग किया गया, जिसमें 16 प्रकार के फूल और छह प्रकार की पत्तियां शामिल थीं। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार सिंघल ने कहा कि 'पुष्प यज्ञ' एक वार्षिक अनुष्ठान है जो श्रीवारी ब्रह्मोत्सव के दौरान हुई किसी भी अनजानी चूक के प्रायश्चित के लिए किया जाता है।

बृहस्पतिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, तिरुमाला में वार्षिक 'पुष्पयाग महोत्सव' (पुष्प यज्ञ) का आयोजन किया गया। उत्सव में देवताओं को 16 प्रकार के फूलों और छह प्रकार के पत्तों से पुष्प स्नान कराया गया। गुलाब, चमेली, कमल, गेंदा, लिली और कई अन्य फूलों से किए गए इस अनुष्ठान ने मंदिर को रंगों और सुगंध से भर दिया।

श्रद्धालुओं द्वारा दान किये गये नौ टन फूलों में से पांच टन तमिलनाडु से तथा दो-दो टन कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से आये। सुबह हुए 'स्नपना तिरुमंजनम' अनुष्ठान के बाद, तिरुमाला उद्यान विभाग से मुख्य मंदिर तक एक भव्य पुष्प जुलूस निकाला गया। उद्यान के कर्मचारी और श्रीवारी सेवक (स्वयंसेवक) फूलों की टोकरियां लेकर चल रहे थे और अनुष्ठान के तहत पूरे रास्ते गोविंदा का जाप कर रहे थे।

# चेन्नई संयंत्र में इंजन उत्पादन के लिए 3,250 करोड़ रुपए का निवेश करेगी फोर्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी वाहन विनिर्माता फोर्ड मोटर कंपनी का नई पीढ़ी के इंजन के उत्पादन के लिए तमिलनाडु को चुनना राज्य की औद्योगिक क्षमता और वैश्विक विनिर्माण आपूर्ति शृंखला में इसकी अपरिहार्य स्थिति का एक और प्रमाण है। स्टालिन ने कहा कि फोर्ड द्वारा किया गया प्रमुख निवेश तमिलनाडु की मजबूत वाहन सहयोगी पारिस्थितिकी को और मजबूत करेगा। इससे पहले, फोर्ड मोटर कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में तमिलनाडु सरकार के साथ दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। चेन्नई के पास मराईमलाई नगर में स्थित संयंत्र में अगली पीढ़ी के इंजन बनाने के लिए 3,250 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे। अमेरिकी वाहन कंपनी ने 2021 में भारत में वाहनों का निर्माण बंद करने और भारतीय बाज़ार से बाहर निकलने की घोषणा की थी।

# उत्पीड़न और जबरन वसूली के आरोप में पूर्व प्रोफेसर गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु विश्वविद्यालय के एक पूर्व प्रोफेसर को महिला का लगातार यौन उत्पीड़न करने, धमकी देने और जबरन वसूली का प्रयास करने के आरोप के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 37 वर्षीय महिला द्वारा नौ अक्टूबर को बसवेश्वरनगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई थी जिसके बाद आरोपी बी. सी. माइलरप्पा को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार, महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि पूर्व प्रोफेसर ने कई महीनों तक उसका उत्पीड़न किया और बार-बार धमकियां देकर उससे 1.5 करोड़ रुपये की मांग की। प्राथमिकी के अनुसार, 2022 में महिला सदाशिवनगर में कर्नाटक राज्य हरिजन सेवक संघ में काम करती थी और माइलरप्पा वहां का प्रबंधन करता था, तभी से महिला उसे जानती थी।

महिला ने बताया कि दिसंबर 2024 में उसके पति की मृत्यु के बाद आरोपी ने संपत्ति विवाद और पुलिस मामले में उनकी सहायता करना शुरू कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि शुरुआत में माइलरप्पा ने उनका साथ दिया लेकिन फिर बाद में उसने परेशान करना शुरू कर दिया तथा महिला के निजी और पारिवारिक मामलों में हस्तक्षेप करने लगा।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि माइलरप्पा ने भविष्य में किसी भी अनहोनी के लिए महिला के परिवार के अधिवक्ता को जिम्मेदार ठहराते हुए उससे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाने की कोशिश की, लेकिन जब महिला ने हस्ताक्षर करने से इनकार किया तो आरोपी ने कथित तौर पर उससे गाली-गलौज और मारपीट की, उसका फोन छीन लिया और विदेश में रहने वाले उसके भाई पर झूठे आरोप लगाए।

# सांसद विश्वेश्वर कागेरी ने विधानसभा अध्यक्ष खादर के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की न्यायिक जांच की मांग दोहराई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने शुक्रवार को कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू. टी. खादर के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की न्यायिक जांच किसी सेवारत न्यायाधीश से कराने की अपनी मांग दोहराई। उत्तर कन्नड़ लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद ने कहा कि उनकी इच्छा है कि जांच के बाद खादर इन आरोपों से मुक्त हो जाएं।

कर्नाटक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कागेरी ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, मैंने प्रशासनिक सुधारों के नाम पर अध्यक्ष खादर के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की न्यायिक जांच एक सेवारत न्यायाधीश से कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा, मैंने कहा है कि संवैधानिक रूप से सम्मानित इस पद की गरिमा और प्रतिष्ठा घट रही है, और इससे बाहर निकलना जरूरी है। एक मौजूदा न्यायाधीश से जांच कराई जानी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि जांच के बाद खादर और विधानसभा अध्यक्ष के पद से जुड़े आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इसके अलावा,




मैं कुछ और नहीं कहना चाहता। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह कोई दस्तावेजी सबूत पेश करेंगे, तो लोकसभा सदस्य ने कहा कि न्यायाधीश जो भी अपेक्षा करेंगे, वह सब उपलब्ध कराएंगे। खादर के इस आरोप पर कि कागेरी के बयानों से अध्यक्ष पद की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंची है, कागेरी ने कहा कि यह उनकी राय है, जिसे व्यक्त करने के लिए वह स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि किसी सेवारत न्यायाधीश से इसकी जांच करवाई जाए।

खादर ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ये ''निराधार'' और ''राजनीति से प्रेरित'' हैं। मंगलूरु में बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में खादर ने कहा, पूर्व अध्यक्ष के आरोप निराधार, राजनीति से प्रेरित और दुर्भावनापूर्ण हैं। मैं उन्हें खारिज करता हूं। वे सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधि हैं। उन्हें जो भी संदेह है, वे मुझे लिखित में दे सकते हैं, मैं उस पर गौर करूंगा। जहां तक मेरा सवाल है, विकास मेरे राजनीतिक जीवन का हिस्सा है और विकास मेरा कर्तव्य है।

उन्होंने कहा, एक विधायक के रूप में मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रहा हूं। पहले मंत्री के रूप में मुझे राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले हैं, और उस समय भी आरोप लगे थे। अब अध्यक्ष के रूप में, मैं जनप्रतिनिधियों का संरक्षक हूं। अपनी सीमाओं के भीतर व्यवस्था, विधायिका, में सुधार करना और विधायकों को विभिन्न लाभ प्रदान करना मेरा कर्तव्य है। मैं भविष्य में भी ऐसा करता रहूंगा।

# अभियंता को 1.86 लाख रुपए के स्मार्टफोन की जगह थमा दिया पत्थर का टुकड़ा, प्राथमिकी दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। बेंगलूरु में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने दावा किया है कि उन्होंने 1.86 लाख रुपये का ऑनलाइन भुगतान करके ई-कॉमर्स कंपनी से एक सैमसंग गैलेक्सी जी फोल्ड 7' स्मार्टफोन मंगाया था, लेकिन उन्हें इस स्मार्टफोन के जिस डिब्बे की आपूर्ति की गई उसे खोलने पर केवल एक पत्थर (टाइल) का टुकड़ा मिला। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, येलचेनहल्ली के रहने वाले प्रेमनानंद (43) ने फोन के लिए ऑर्डर किया था और इस घटना के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक, प्रेमनानंद ने 14 अक्टूबर को एक ई-कॉमर्स मंच से इस फोन की खरीदारी की थी और अपने क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके ऑनलाइन भुगतान किया। स्मार्टफोन की आपूर्ति के नाम पर उन्हें एक डिब्बा 19 अक्टूबर को शाम करीब 4:16 बजे प्राप्त हुआ। उन्होंने डिब्बे को खोलते समय एक वीडियो बनाई और उच्च-स्तरीय स्मार्टफोन की जगह डिब्बे में केवल एक सफेद रंग का चौकोर टाइल का टुकड़ा देखकर चौंक गए। प्रेमनानंद ने पहले राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल में शिकायत दर्ज कराई और बाद में स्थानीय पुलिस से संपर्क किया।

**दक्षिण पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. 32/MYS/2025, दिनांकः 24.10.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| क्र.सं. | विवरण संक्षेप में | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | उप कार्य-1: चिक्कजाजूर - रायदुर्ग विभागः 8.5 में 1 - 30 सेटों का थ्रू टर्नआऊट रिन्यूअल (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)। उप कार्य-2: चिक्कजाजूर - रायदुर्ग विभागः 12 में 1 - 26 सेटों का थ्रू टर्नआऊट रिन्यूअल (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)। | रु. 2,01,49,039/- |
| 2 | हावेरीः टाईप-II कर्मचारी गृहों का निर्माण (6 यूनिट) | रु. 1,57,76,747/- |

निविदाओं जमा करने की अंतिम तिथिः **17.11.2025, 11:00 बजे तक**

विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में

वरिष्ठ विभागीय इंजीनियर / समन्वय
मैसूरु
PUB/588/AAF/PRB/SWR/2025-26

अनारक्षित टिकटों की बुकिंग में आसानी के लिए गूगल प्ले स्टोर से यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड करें

South Western Railway - SWR | SWRRLY | SWRAILWAYHQ | sw_railways

**कार्यालय कमांडेंट, 58वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल**
**गृह मंत्रालय/भारत सरकार**
पत्रा-रोइंग, जिला-लोवर दिबांग वैली, राज्य-अरूणांचल प्रदेश, पिन-792110

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 58वीं वाहिनी के दल संख्या-250581827 कांस्टेबल (जी.डी.) (रिकरूट) संचित कुमार पाण्डेय पुत्र श्री सुनील कुमार पाण्डेय कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की गई कांस्टेबल (जी.डी.)-2024 भर्ती परीक्षा में कांस्टेबल (जी.डी.) के पद पर चयनित होने के उपरान्त, नियुक्ति प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए दिनांक-21.01.2025 (पूर्वाहन) को अपनी आमद प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र भानू, भा.ति.सी. पुलिस बल में दी। तद्‌परात दल संख्या-250581827 कांस्टेबल (जी.डी.) (रिकरूट) संचित कुमार पाण्डेय को 58वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल में पदस्थ किया गया। कर्मी प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र भानू, भा.ति.सी. पुलिस बल से बिना सक्षम अधिकारी/सूचना के अनुमति के दिनांक 08.03.2025 (अप्राहन) से अनुपस्थित चल रहा है।

2. दल संख्या-250581827 कांस्टेबल (जी.डी.) (रिकरूट) संचित कुमार पाण्डेय 58वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल को प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र भानू के ज्ञापन संख्या-5093 दिनांक 12.03.2025, ज्ञापन संख्या-5613 दिनांक-24.03.2025 एवं ज्ञापन संख्या-9328 दिनांक-25.04.2025 के तहत ड्यूटी पर तुरन्त आमद देने के लिए निर्देशित किया गया इसके अतिरिक्त कर्मी के पिताजी श्री सुनील कुमार पाण्डेय को भी अपने पुत्र को तत्काल ड्यूटी पर भेजने हेतु अनुरोध किया गया, किन्तु कर्मी अभी तक ड्यूटी पर आमद नहीं हुआ और न ही अपनी कोई सूचना वाहिनी को दी है। उक्त के अतिरिक्ति प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र भानू, के पत्र संख्या-9580 दिनांक-03.05.2025 के तहत पुलिस अधीक्षक जिला-बैंगलुरू (कर्नाटक) पिन-560034 से कर्मी को गिरफ्तार कर प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र भानू, को सौंपने हेतु अनुरोध किया गया, परन्तु स्थानीय पुलिस द्वारा कर्मी को गिरफ्तार कर न तो प्राथमिक प्राशिक्षण केन्द्र भानू, में सुपुर्द किया गया और न ही भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के नजदीकी किसी वाहिनी/फॉरमेशन के सुपुर्द किया गया।

3. कर्मी की लगातार अनुपस्थिति को देखते हुए भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम-1992 की धारा 74(2) में दिये गये प्रावधानों के तहत प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र भानू, के कार्यालय आदेश संख्या-11663 दिनांक-14.06.2025 के तहत न्यायिक जॉच समिति का गठन किया गया। न्यायिक जॉच समिति द्वारा दी गई संस्तुति में स्पष्ट है कि कर्मी बल में सेवा का इच्छुक नहीं है इसलिए कर्मी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कर ''भगौड़ा'' घोषित किया जाये। तद्‌नुसार भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम-1992 की धारा 74(2) में दिये गये प्रावधानों के तहत प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र भानू के आदेश संख्या-16923 दिनांक 01.09.2025 के तहत अनुपस्थित होने की तिथि से अर्थात् दिनांक-08.03.2025 (अप्रा.) से ''भगौड़ा'' घोषित किया गया है।

4. न्यायिक जॉच समिति की अनुशंसा के आधार पर कर्मी के बल में सेवा हेतु इच्छुक/फिट न होने पर भा.ति.सी. पुलिस बल के अधिनियम 1994 के नियम 17 के साथ पठित नियम 20 के तहत सेवा समाप्त करने कर प्रावधान है। दल संख्या-250581827 कांस्टेबल (जी.डी.) (रिकरूट) संचित कुमार पाण्डेय 58वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल पुत्र श्री सुनील कुमार पाण्डेय Vill-Dr B .R. Ambedkar Nagar, P.O-Vivek Nagar, Distt-Bengaluru Urban, Karnataka, Pin-560047 को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अंतिम अवसर देते हुये सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिनों के अन्दर भौतिक रूप से अपनी आमद, 58वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल पत्रा-रोईंग, जिला-लोवर दिबांग वैली, राज्य-अरूणांचल प्रदेश, पिन-792110 में दें, अन्यथा आपको सेवा से बर्खास्त कर दिया जायेगा।

(सचिन मित्तल)
कमांडेंट
58वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल

CBC 19112/11/0138/2526

## सुविचार

आपकी सबसे बड़ी शक्ति आपकी आत्म-प्रेरणा है, यही आपको हर मुश्किल को पार करने में मदद करती है।


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ऑनलाइन शॉपिंग: हिल न जाए विश्वास की नींव

ऑनलाइन शॉपिंग से लोगों को बहुत सुविधा हुई है, लेकिन अब इस माध्यम की कुछ ऐसी खामियां दिखाई पड़ रही हैं, जिनकी ओर संबंधित कंपनियों को ध्यान देना चाहिए। हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब लोगों ने ऑर्डर कुछ और किया था, उन्हें सामान कुछ और ही मिला था। कुछ मामलों ने तो वेबसाइटों के वितरण तंत्र पर सवालिया निशान लगा दिया। बेंगलूरु में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के इस दावे से हैरानी होती है कि उसने 1.86 लाख रुपए खर्च कर किसी कंपनी से स्मार्टफोन मंगवाया था, लेकिन उसे डिब्बे में टाइल का टुकड़ा मिला! यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले, उत्तर प्रदेश के मेरठ में ऐसा मामला सामने आया था। वहां डिब्बे से पत्थर का टुकड़ा निकला था। इसी तरह, मुंबई के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर अनुभव साझा करते हुए बताया था कि वह ऑनलाइन शॉपिंग को प्राथमिकता देता है। उसने किसी वेबसाइट के जरिए स्मार्टफोन मंगवाया था, लेकिन डिब्बा खोला तो उसमें से साबुन की टिकिया निकली थी। इससे उसे गहरा धक्का लगा। उसने कल्पना भी नहीं की थी कि ऑनलाइन शॉपिंग का यह अनुभव हो सकता है। कुछ साल पहले एक और युवक का मामला काफी चर्चा में रहा था। उसने दावा किया था कि एक चर्चित वेबसाइट से सोने का सिक्का खरीदा था। इसके लिए ऑनलाइन पेमेंट किया था। जब उसने डिब्बा खोला तो वह खाली निकला था। ऐसी घटनाओं से संबंधित कंपनी की छवि पर गलत असर पड़ता है, वहीं पीड़ित ग्राहक भविष्य में उससे खरीदारी से परहेज करता है।

प्राय: कंपनी खेद जताते हुए जांच करने की बात कहती है, लेकिन इसमें समय लगता है और ग्राहक को मानसिक व आर्थिक कष्ट का सामना करना पड़ता है। सवाल है– इन घटनाओं के पीछे असल वजह क्या है? कोई भी बड़ी और प्रतिष्ठित कंपनी नहीं चाहेगी कि ग्राहकों में उसकी छवि खराब हो। कभी–कभार गलत पैकिंग या डिलीवरी में गड़बड़ हो सकती है। वहीं, बीच रास्ते से सामान गायब / चोरी हो सकता है। इसके पीछे ऐसे लोगों का हाथ हो सकता है, जो किसी–न–किसी रूप में कंपनी से जुड़े होते हैं और मौका पाते ही सामान पर हाथ साफ कर देते हैं। कंपनियों को चाहिए कि वे ऑर्डर लेने से लेकर वितरण करने तक अपने तंत्र को मजबूत बनाएं। उसमें जहां गुंजाइश हो, सुधार करें। अगर ग्राहक की सहमति हो तो डिलीवरी एजेंट उस पैकेट को खोलकर दिखाए। अनबॉक्सिंग करते समय वीडियो रिकॉर्ड जरूर करें, ताकि बाद में कोई विवाद होने पर प्रमाण रहे। ऐसे ज्यादातर मामले मोबाइल फोन मंगवाने पर हुए हैं, इसलिए कंपनियां सुनिश्चित करें कि वे मोबाइल फोन अपने ग्राहक को सौंपते समय अनबॉक्सिंग करके दें। साथ ही, ग्राहक से हस्ताक्षर करवाएं कि उसने 'जो सामान मंगवाया था, वही मिला है, कोई गड़बड़ नहीं हुई है।' इससे ऐसे विवाद पैदा नहीं होंगे। हमेशा भरोसेमंद स्रोत / विक्रेता चुनें। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म भी खुले हैं, जिनकी विश्वसनीयता संदिग्ध है। उन्होंने सस्ता सामान बेचने के नाम पर बहुत लोगों को ठगा है। वे ग्राहकों को लुभाने के लिए बहुत आकर्षक तस्वीरें डालकर फर्जी रिव्यू लिखवाते हैं। अब एआई की मदद से यह काम बहुत आसान हो गया है। जब कोई व्यक्ति देखता है कि उस वेबसाइट पर बहुत ही सस्ता सामान मिल रहा है तो वह अवसर का लाभ उठाना चाहता है। पिछले दिनों एक वेबसाइट ने 99 रुपए में सूट बेचने के नाम पर कई लोगों को चूना लगा दिया था। ज्यादातर ग्राहकों ने यह सोचकर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की थी कि धनराशि बहुत छोटी है। ऐसी वेबसाइटों से दूर रहने में ही भलाई है।

## ट्वीटर टॉक



संघ तो भारत की सांस्कृतिक जनभावना का प्रतिरूप है, उससे तो आपको चिढ़ होगी ही। आपकी पार्टी और उसके नेता सब भारत विरोधी जो हैं। कांग्रेस और उसे संचालित करने वाले परिवारों को आरएसएस से भय की भ्रांति है, जिसका कोई इलाज नहीं।

–गजेन्द्र सिंह शेखावत



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। देश की एकता, अखंडता और साहस के प्रतीक सरदार पटेल जी ने जिस दृढ़ता और दूरदृष्टि से भारत को एक सूत्र में बाँधा, वह हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।

–दिया कुमारी




कांग्रेस के कार्यकर्ता स्व. इंदिरा गांधी जी जैसा साहस और स्व. सरदार पटेल जी जैसा हौसला लेकर कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की क्षमता, दृढ़ता और दूरदृष्टि ने देश को न केवल सशक्त नेतृत्व दिया, बलिक एकता एवं अखंडता की रक्षा की।

–गोविंद सिंह डोटासरा

## प्रेरक प्रसंग

# स्वदेशी का गर्व



एक बार डॉ. कलाम ने तीन प्रमुख संस्थानों के साथ मिलकर पोलियोग्रस्त बच्चों के लिए हल्के कैलिपर का एक बेहतरीन तोहफा तैयार किया था, जो कार्बन सामग्री से निर्मित था। एक दिन एक पत्रकार ने उनसे पूछा, 'सर, आपने स्वदेश में हल्के कैलिपर का निर्माण करके पूरे विश्व के सामने भारत का सिर ऊंचा कर दिया है।' दूसरा पत्रकार बोला, 'भारत अब आत्मनिर्भर बन गया है और स्वदेश में ही अनेक तकनीकों का निर्माण कर सकता है।' तब कलाम अपने चिरपरिचित अंदाज में मुस्कुराकर बोले, 'मैं तो स्वयं यह कहता हूं कि हमारे पास आश्चर्यजनक सफलताओं का पूरा इतिहास है। भारत प्रारंभ से ही विश्वगुरु के रूप में प्रसिद्ध रहा है। हमारा भारत हर चीज में अग्रणी है। गेहूं और चावल उत्पादन में भारत का विश्व में दूसरा स्थान है। दूध के उत्पादन में पहला स्थान है। दूरसंचार उपग्रह के विकास में हम पहले स्थान पर हैं। हमारी सभ्यता, संस्कृति और इतिहास लाजवाब हैं। हमें हर स्वदेशी सफलता पर गर्व करना चाहिए।

## सामयिक

# भारत में कई राज्यों का स्थापना दिवस आज

महेन्द्र तिवारी
मोबाइल : 9989703240

भारत की पहचान उसकी विशालता में नहीं, बल्कि उसकी विविधता में निहित एकता में है। भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और भौगोलिक विशेषताओं से परिपूर्ण यह देश तभी सशक्त बन सका, जब इन विविधताओं को संवैधानिक और प्रशासनिक स्वरूप दिया गया। इस दिशा में सबसे बड़ा कदम था 1 नवम्बर 1956 का राज्य पुनर्गठन, जिसने भारतीय संघीय ढांचे को नई परिभाषा दी। यह दिन देश के इतिहास में एक ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज है, जब भारत ने भाषा, संस्कृति और प्रशासन के बीच संतुलन स्थापित करते हुए अपने राज्यों का पुनर्निर्धारण किया। यही कारण है कि आज यह तिथि अनेक राज्यों में राज्य स्थापना दिवस या राज्योत्सव के रूप में मनाई जाती है।

यह न केवल भारत की प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक है, बल्कि इसकी आत्मा में बसे विविधता में एकता के सिद्धांत का उत्सव भी है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि इतने विशाल देश को, जिसमें सैकड़ों बोलियाँ और संस्कृतियाँ थीं, एक संगठित प्रशासनिक ढांचे में कैसे पिरोया जाए। संविधान लागू होने के बाद भी राज्यों की सीमाएँ ब्रिटिश शासनकाल के पुराने प्रांतों और रियासतों पर आधारित थीं, जिनमें भाषाई और सांस्कृतिक असमानताएँ स्पष्ट रूप से विद्यमान थीं। इससे कई क्षेत्रों में असंतोष पनप रहा था। जनता चाहती थी कि प्रशासनिक सीमाएँ भाषा और संस्कृति के अनुरूप तय की जाएँ ताकि शासन लोगों की समझ और भावनाओं से जुड़ा हो सके।

इस भावना ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश के रूप में आकार लिया। 1953 में मद्रास प्रेसीडेंसी के तेलुगू भाषी क्षेत्रों को अलग कर आंध्र प्रदेश का गठन किया गया। यह घटना पूरे देश में भाषाई आधार पर राज्यों के



निर्माण की माँग का प्रतीक बन गई। इस बढ़ती जन–आकांक्षा के मद्देनज़र भारत सरकार ने राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया। आयोग ने देश के प्रशासनिक ढांचे, भाषाई वितरण और सांस्कृतिक संबंधों का गहन अध्ययन कर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कीं। इन्हीं सिफारिशों के आधार पर 1956 में राज्य पुनर्गठन अधिनियम लागू हुआ, जिसने 1 नवम्बर 1956 से भारत के नक्शे को नया रूप दिया। इस पुनर्गठन ने राज्यों को भाषाई और सांस्कृतिक आधार पर व्यवस्थित किया और भारतीय संघीय ढांचे को एक सुसंगत स्वरूप प्रदान किया।

इस ऐतिहासिक निर्णय से कई राज्यों की नई पहचान बनी। कर्नाटक, जो तब मैसूर' कहलाता था, को कन्नड़ भाषी क्षेत्रों के एकीकरण से निर्मित किया गया। केरल का गठन त्रावणकोर–कोचीन और मालाबार के मिलन से हुआ, जो मलयालम भाषा और संस्कृति का केंद्र बना। मध्य प्रदेश को मध्य भारत, भोपाल, विंध्य प्रदेश और बरार को मिलाकर तैयार किया गया, जो भौगोलिक रूप से देश का हृदयस्थल है। आंध्र प्रदेश को तेलुगू भाषी क्षेत्रों के एकीकरण से सशक्त रूप मिला। आगे चलकर 1 नवम्बर 1966 को पंजाब और हरियाणा का पुनर्गठन हुआ, जिससे हरियाणा का गठन हुआ और चंडीगढ़ एक केंद्रशासित प्रदेश के रूप में उभरा। बाद के वर्षों में छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड जैसे राज्यों का गठन भी इसी प्रक्रिया की निरंतरता का परिणाम था, जो दर्शाता है कि भारत का संविधान समय के साथ स्वयं को परिवर्तित करने और जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप ढलने की क्षमता रखता है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 2 और 3 संसद को राज्यों के गठन और सीमाओं के पुनर्निर्धारण का अधिकार देते हैं। यह केवल प्रशासनिक प्रावधान नहीं, बल्कि भारतीय संघीयता की जीवंतता का प्रमाण है। इसने स्पष्ट किया कि भारत की एकता भाषाओं और संस्कृतियों को दबाने से नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान देने से मज़बूत होगी। राज्य पुनर्गठन का यह कदम इस विचार का मूर्त रूप था कि देश की शक्ति उसकी विविधता में निहित है। 1 नवम्बर का यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसने भारत को यह समझने का अवसर दिया कि क्षेत्रीय पहचान और राष्ट्रीय एकता परस्पर विरोधी नहीं हैं। जब किसी व्यक्ति को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा पर गर्व करने का अवसर मिलता है, तभी वह राष्ट्र की समग्र प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित होता है। यही कारण है कि राज्य स्थापना दिवस आज केवल सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि जनभावना का पर्व बन चुका है। कर्नाटक में लाल–पीले ध्वजों से सजे शहरों में राज्योत्सव पुरस्कार के माध्यम से समाजसेवा, कला और साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने वाले नागरिकों का सम्मान किया जाता है। केरल में केरल पिरवी का उत्सव अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और मलयालम भाषा की समृद्ध परंपरा को याद करने का अवसर बनता है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब और हरियाणा में यह दिन परेड, लोकनृत्य, सांस्कृतिक झाँकियों और नागरिक सम्मानों के रूप में मनाया जाता है। यह सब केवल उत्सव नहीं, बल्कि भारत की विविधता का जीवंत प्रदर्शन है।

आज का भारत विकास, नवाचार और सामाजिक समरसता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में राज्य स्थापना दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि प्रशासनिक संरचना का उद्देश्य केवल शासन नहीं, बल्कि नागरिकों को सशक्त बनाना है। प्रत्येक राज्य की पहचान उसके जनजीवन, उसकी संस्कृति और उसकी मानवीय संवेदनाओं से बनती है। जब कर्नाटक का एक किसान अपनी मिट्टी पर गर्व करता है, जब केरल का कलाकार अपनी परंपरा का उत्सव मनाता है, जब छत्तीसगढ़ का मजदूर अपने राज्य दिवस पर आत्मसम्मान महसूस करता है – तब वास्तव में भारत की संघीय एकता साकार होती है।

1 नवम्बर का दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है। यह उस दृष्टि का स्मरण कराता है जिसने भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को एक साझा धागे में बाँधकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार किया। यह दिन हमें सिखाता है कि हमारी भाषाएँ, संस्कृतियाँ और परंपराएँ भले अलग हों, पर हमारी आत्मा एक है – भारतीयता की। राज्य स्थापना दिवस भारत की उस जीवंत भावना का उत्सव है जो कहती है कि विविधता में ही हमारी असली शक्ति छिपी है, और यही शक्ति हमें एक राष्ट्र के रूप में अविभाज्य बनाती है।

## नजरिया


# सीनियर सिटीजन ही क्यों डिजिटल अरेस्ट के निशाने पर होते है!

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130

पुणे के एक 83 वर्षीय बुजुर्ग की मौत डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनने के लगभग एक महीने बाद हो गई। साइबर पुलिस के अनुसार, पीड़ित रिटायर्ड सरकारी अधिकारी थे, जिनसे धोखेबाजों ने झांसा देकर 1.5 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की थी। यह घटना तब सामने आई जब उनकी पत्नी ने पति की मौत के एक सप्ताह बाद शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि अगस्त में बुजुर्ग को एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को कोलाबा पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताया। उसने कहा कि बुजुर्ग का नाम एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में सामने आया है। जब पीड़ित ने आरोप से इनकार किया, तो उन्हें वीडियो कॉल पर दो अन्य व्यक्तियों ने धमकाया। एक ने खुद को आईपीएस अधिकारी विजय खन्ना बताया, जबकि दूसरे ने कहा कि वह सीबीआई के अधिकारी दया नायक हैं। दोनों ने दंपति को चेतावनी दी कि यदि वे सहयोग नहीं करेंगे, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद उन्हें घंटों वीडियो कॉल पर रखा गया और बताया गया कि उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया गया है। बैंक खातों की जांच के नाम पर धोखेबाजों ने उन्हें 16 अगस्त से 17 सितंबर के बीच अलग–अलग खातों में कुल 1.19 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। कहा गया कि जांच पूरी होने के बाद पैसा लौटा दिया जाएगा।

साइबर पुलिस के मुताबिक, घटना का पता चलने पर अधिकारियों ने दंपति को एफआईआर दर्ज करने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने कहा कि वे बेटी के विदेश से लौटने के बाद ऐसा करेंगे। दुर्भाग्यवश, कुछ दिनों बाद बुजुर्ग को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मौत और ठगी के बीच सीधा संबंध नहीं बताया जा सकता, लेकिन मामले में साइबर ठगों के खिलाफ जांच जारी है। गौरतलब है कि 'डिजिटल अरेस्ट' नाम के एक बड़े रैकेट में विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले ने पहले ही देश में भय का माहौल पैदा कर रखा है। जनवरी से अगस्त 2025 के बीच राज्य में ऐसे 218 मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि इन अपराधों में करीब 112 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने निष्कर्ष निकाला है कि आरोपी 55 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को निशाना बना रहे हैं और जिन्हें डिजिटल दुनिया के बारे में बहुत कम जानकारी है।

'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले का तरीका बहुत ही सरल है: साइबर अपराधी लोगों के मन में डर पैदा करते हैं, खुद को पुलिस अधिकारी बताते हैं और पीड़ितों को फर्जी आधार कार्ड भेजते हैं, वे कहते हैं कि पीड़ित के बैंक खातों से करोड़ों



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 अक्टूबर, 2024 को 'मन की बात' में डिजिटल अरेस्ट की समस्या पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही, दूरसंचार विभाग के सहयोग से 19 दिसंबर, 2024 से कॉलर ट्यून अभियान शुरू किया गया जो हिंदी, अंग्रेजी और 10 क्षेत्रीय भाषाओं में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैला रहा है। अन्य पहलों में सोशल मीडिया, समाचार पत्र विज्ञापन, दिल्ली मेट्रो में घोषणाएं और कनॉट प्लेस में राहगीरी समारोह शामिल हैं। विशेष रूप से केरल में, 2018-2022 के दौरान साइबर धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि देखी गई। जिसमें 2022 में 26 मामले दर्ज किए गए।**

नशे का लेन–देन हुआ है, यहां तक कि वे पीड़ितों को विश्वास दिलाने के लिए फर्जी कोर्ट के आदेश भी भेजते हैं। कई जगहों पर घटनाएं हुई हैं और धोखाधड़ी की संख्या करोड़ों में है। कई लोगों का मानना है कि घर में आरोपियों की आवाजाही पर पुलिस की नजर रखने जैसी डिजिटल गिरफ्तारी होनी चाहिए, लेकिन वास्तव में यह एक मनगढ़ंत बात है। कानून के तहत डिजिटल गिरफ्तारी की अनुमति नहीं है, पुलिस या कोई भी सुरक्षा एजेंसी इस तरह से किसी को गिरफ्तार नहीं करती है। वे हैं। इसलिए साइबर अपराधी रिटायर्ड अफसरों और कर्मचारियों या पुराने कारोबारियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' की चाल का इस्तेमाल करते हैं। वरिष्ठ नागरिक अक्सर प्रौद्योगिकी या कानूनी प्रावधानों के बारे में पर्याप्त रूप से जागरूक नहीं होते हैं। इससे उन्हें धोखा देना आसान हो जाता है।

इसी तरह, साइबर अपराधी कई लोगों को लूटने के लिए अभिनव हथकंडे अपनाते हैं और ऐसा करने के लिए वे 'डिजिटल अरेस्ट' नामक रणनीति का उपयोग करते हैं। अपराधियों के ये गिरोह पुलिस, ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग, सेना के अधिकारी, राष्ट्र विरोधी गतिविधियां, अवैध सामान, जिसमें पीड़ित को वीडियो कॉल पर 24 घंटे अपने घर में बंद रहने के लिए कहा जाता है। साइबर अपराधी वीडियो कॉल पर किसी पुलिस स्टेशन या सीबीआई जैसी एजेंसी से बात करने का दिखावा करते हैं। साइबर अपराधी फिरौती मांगते हैं और पैसे नहीं देने पर उन्हें वास्तविक गिरफ्तारी की धमकी देते हैं, इसलिए कई लोग साइबर अपराधियों के नए हेरफेर का शिकार हो जाते हैं और उनके गले में लाखों–करोड़ों रुपये डाल देते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के अंबाला में फर्जी कोर्ट के आदेशों के जरिए नागरिकों की डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों को गंभीरता से लिया है, जो न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास की नींव को कमजोर करता है। न्यायाधीश ने कहा। नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र को डिजिटल गिरफ्तारी मामलों की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया। अदालत ने डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज एफआईआर का विवरण मांगा है। महाराष्ट्र पुलिस को 'डिजिटल अरेस्ट' के फर्जी रूप के बारे में जागरूकता पैदा करने का बीड़ा उठाना चाहिए और स्कूलों और कॉलेजों में कार्यशालाओं, प्रदर्शनों, प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रमों और प्रचार का आयोजन करके नागरिकों को इसके बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि राज्य में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक या डिजिटल निरक्षर साइबर अपराधियों के जाल में फंस जाएं। करोड़ों रुपये का नुकसान होगा।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में देशभर में साइबर अपराधों के 65,893 मामले दर्ज किए गए जो 2018 में दर्ज 27,248 मामलों की तुलना में दोगुने से अधिक हैं। यह वृद्धि डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग और साइबर जागरूकता की कमी को दर्शाती है। विशेष रूप से वृद्धजनों के बीच जो डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अपराधों का शिकार हो रहे हैं।

भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आती है। इसलिए, साइबर अपराधों की रोकथाम और जांच मुख्य रूप से राज्यों की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिनमें 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) की स्थापना भी शामिल है। आई4सी के तहत, 'नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल' और 'सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम' (सीएफसीएफआरएमएस) लॉन्च किए गए हैं, जिन्होंने 2021 से 17। 82 लाख शिकायतों को प्रोसेस करके 5,489 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है।वित्तीय धोखाधड़ी की त्वरित शिकायतों के लिए टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 भी शुरू किया गया है। वैसे केंद्र सरकार ने साइबर जागरूकता बढ़ाने के लिए कई अभियान भी शुरू किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 अक्टूबर, 2024 को 'मन की बात' में डिजिटल अरेस्ट की समस्या पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही, दूरसंचार विभाग के सहयोग से 19 दिसंबर, 2024 से कॉलर ट्यून अभियान शुरू किया गया जो हिंदी, अंग्रेजी और 10 क्षेत्रीय भाषाओं में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैला रहा है। अन्य पहलों में सोशल मीडिया, समाचार पत्र विज्ञापन, दिल्ली मेट्रो में घोषणाएं और कनॉट प्लेस में राहगीरी समारोह शामिल हैं। विशेष रूप से केरल में, 2018–2022 के दौरान साइबर धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि देखी गई। जिसमें 2022 में 26 मामले दर्ज किए गए। वृद्धजनों को साइबर ठगों से बचाने के लिए मजबूत पासवर्ड, टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन और संदिग्ध लिंक से बचने की सलाह दी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि जागरूकता और तकनीकी प्रशिक्षण इस बढ़ते खतरे से निपटने की कुंजी है।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

प्रार्थना



तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा, हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित त्सुगलागखांग मंदिर में, धनग्लोब द्वारा की गई दीर्घायु प्रार्थना के दौरान दिखाई दे रहे हैं।

# पाकिस्तान, अफगानिस्तान वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमत

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने शुक्रवार को सीमा पर संघर्ष विराम कायम रखने और इस सप्ताह असफल रही शांति वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए बातचीत करने पर सहमति जताई है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

पाकिस्तान और अफगान तालिबान के प्रतिनिधिमंडलों के बीच दूसरे दौर की चर्चा शनिवार को इस्तांबुल में शुरू हुई थी लेकिन यह विफल हो गई क्योंकि पाकिस्तान ने तालिबान पर सीमा पार हमलों को रोकने का आश्वासन देने में अनिच्छा दिखाने का आरोप लगाया।

'डॉन' अखबार की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, नवीनतम दौर की वार्ता के मेजबान तुर्किये द्वारा शुक्रवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि छह नवंबर को इस्तांबुल में एक प्रमुख-स्तरीय बैठक के दौरान कार्यान्वयन के आगे के तौर-तरीकों पर चर्चा की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि प्रमुख वार्ताकार कौन होंगे लेकिन उम्मीद के अनुसार, इसका मतलब यह है कि दोनों देशों के रक्षा मंत्री, जिन्होंने दोहा में पहले दौर की वार्ता में अपने-अपने पक्षों का नेतृत्व किया था, अब इस्तांबुल में भी मिलेंगे।

निरीक्षण



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक तारिक हामिद कर्रा और अन्य नेताओं के साथ, श्रीनगर में नवनिर्मित नूरजहाँ पुल का निरीक्षण करते हुए।

# आर्य समाज ने भारत की वैदिक विरासत और पहचान को संरक्षित रखा: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की वैदिक विरासत के संरक्षण में समाज सुधारक दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आर्य समाज के योगदान की शुक्रवार को सराहना की और उससे पांडुलिपियों के अध्ययन एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने आर्य समाज की स्थापना की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में संगठन की भूमिका की सराहना की और यह माना कि राजनीतिक कारणों से इसे उचित मान्यता नहीं मिल पायी।

मोदी ने समारोह में कहा, ''आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष... यह अवसर समाज के किसी एक हिस्से या संप्रदाय से जुड़ा नहीं है। यह अवसर भारत की वैदिक विरासत और पहचान से जुड़ा है।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम में 39 देशों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

मोदी ने कहा, ''यह अवसर भारत के उस विचार से जुड़ा है, जिसमें गंगा के प्रवाह की तरह आत्म-शुद्धि की शक्ति निहित है। यह उस महान परंपरा से जुड़ा है, जिसने सामाजिक सुधार को निरंतर आगे बढ़ाया है और जिसने स्वतंत्रता संग्राम के असंख्य सेनानियों को वैचारिक ऊर्जा दी है।''

# 'इक्कीस' का ट्रेलर देख सनी देओल ने की धर्मेंद्र और अगस्त्य नंदा की तारीफ

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल ने अपने पिता और अभिनेता धर्मेंद्र की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' का ट्रेलर देखा। इसे देखने के बाद वह धर्मेंद्र और फिल्म के एक्टर अगस्त्य नंदा की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। फिल्म के ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए सनी देओल ने धर्मेंद्र के दमदार अभिनय की प्रशंसा की और कहा कि इस फिल्म के जरिए वह फिर से बड़े पर्दे पर धूम मचाने को तैयार हैं। गुरुवार को सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का ट्रेलर शेयर किया। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, पापा फिर से धमाल मचाने वाले हैं। आप बहुत अच्छे लग रहे हैं, पापा। मैं आपसे प्यार करता हूं। प्यारे अगस्त्य, ढेर सारी शुभकामनाएं, आप भी धमाल मचाएंगे। वो इक्कीस का था, इक्कीस का ही रहेगा। दिनेश विजान और मैडॉक फिल्म्स पेश कर रहे हैं परमवीर चक्र विजेता सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की एक अनकही सच्ची कहानी, जिसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। 29 अक्टूबर को मेकर्स ने 'इक्कीस' का ट्रेलर रिलीज किया था। इसके ट्रेलर में परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल के साहस, सम्मान और बलिदान की झलक दिखाई गई। इस फिल्म से अगस्त्य नंदा बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं, जो एक बहादुर सैनिक की भूमिका निभा रहे हैं। इसमें अभिनेता धर्मेंद्र, अरुण के पिता एमएल. खेत्रपाल की भूमिका निभा रहे हैं।

यह फिल्म एक पिता की भावनात्मक यात्रा को दर्शाती है, जब वह यह समझने की कोशिश करते हैं कि 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उसके बेटे ने किस वजह से देश के लिए बलिदान दिया था। श्रीराम राघवन की फिल्म में अगस्त्य नंदा लीड रोल प्ले कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी, मगर अभी इसकी रिलीज डेट फाइनल नहीं हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी हैं। वह इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। अक्षय कुमार ने भी उन्हें अपनी पहली फिल्म के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं सोशल मीडिया पर दीं। अमिताभ बच्चन ने भी अपने नाती अगस्त्य को इस फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अगस्त्य की एक्टिंग की तारीफ भी की।

# सोनाक्षी सिन्हा का 'धन पिशाचिनी' लुक तीन महीने की रिसर्च का नतीजा : प्रेरणा अरोड़ा

**मुंबई/एजेन्सी**



फिल्म 'जटाधारा' के साथ सोनाक्षी सिन्हा स्क्रीन पर अब तक दिखाई गई सबसे रहस्यमयी और दिव्य मिथकीय शक्तियों में से एक 'धन पिशाचिनी' को जीवंत करने जा रही हैं, जो विशेष रूप से दिव्य ऊर्जा, रहस्य और ब्रह्मांडीय संतुलन का प्रतीक है। इस बेहद रहस्यमयी किरदार के बारे में जब फिल्म की निर्मात्री प्रेरणा अरोड़ा से बात की गई तो उन्होंने इस पर विस्तार से बात की क्योंकि इस चरित्र के क्रिएटिव रिसर्च और विज़ुअल आइडिएशन का नेतृत्व उन्होंने ही किया है। उन्होंने बताया, धन पिशाचिनी असल मायनों में ऊर्जा का दिव्य रूप है। डायरेक्टर्स के पास उनके लुक की एक सोच थी, लेकिन मैंने उसे थोड़े अलग अंदाज़ में देखा। कई चर्चाओं और स्केचेज़ के बाद हम एक ऐसा लुक तैयार कर पाए, जो सिनेमाई रूप से भव्य भी हो और पौराणिक रूप से सच्चा भी। हमने लगभग तीन महीने सिर्फ उनके आभा, गहनों और संपूर्ण डिज़ाइन पर रिसर्च की, ताकि वह सौंदर्य और शक्ति दोनों का संतुलित रूप बन सके। पिशाचिनी न देवी है, न दानवी, बल्कि वह एक ऐसी ऊर्जा है, जो अच्छाई और बुराई, सुंदरता और भय दोनों को समान रूप से धारण करती है।

माना जाता है की 'धन पिशाचिनी' की अवधारणा समुद्र मंथन की कथा से प्रेरित है। जब भगवान शिव ने विषपान कर ब्रह्मांड को विनाश से बचाया, तब उनकी बूंदों से धरती पर कुछ दिव्य स्त्रैण शक्तियाँ उत्पन्न हुईं और उन्हें ही 'पिशाचिनी' कहा गया। हालांकि इस संदर्भ में फिल्म के निर्देशक वेंकट कल्याण बताते हैं, हम चाहते थे कि पिशाचनी दिव्य दिखे, लेकिन साथ ही भयभीत करने वाली भी। वह न पूजा की जाती है, न डर का प्रतीक है, बल्कि वह स्वयं सृष्टि की द्वैतता का प्रतिनिधित्व करती है। उसका लुक, उसकी दृष्टि, उसकी आभा, सब कुछ ऐसा रचा गया है कि दर्शक एक साथ विस्मय और श्रद्धा दोनों महसूस करें।

गौरतलब है कि कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर मोहित ने सोनाक्षी के हर लुक पर बारीकी से काम किया है, फिर वह चाहे उनके परिधान हों या उनके गहने हों। उनके बनाए हर विवरण में धन अर्थात समृद्धि के साथ ऊर्जा और ब्रह्मांडीय संतुलन की झलक भी मिलती है। हालांकि अब जब फिल्म से सोनाक्षी का यह लुक उनके दर्शकों के सामने आ चुका है, तो तीन महीने की इस गहन तैयारी के बाद सोनाक्षी सिन्हा का यह मिथकीय रूप 'जटाधारा' की सबसे प्रभावशाली और चर्चित विज़ुअल झलकियों में से एक बन चुकी है।



# फिल्म 'बारामूला' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

एक समय था, जब कश्मीर बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग का मनपसंद स्पॉट हुआ करता था। वहां पर कुछ फिल्मों की शूटिंग हुई, तो कुछ वहां के माहौल से जोड़ते हुए बनाई गई, लेकिन इस बार निर्देशक आदित्य सुहास जम्भाले ने फिल्म 'बारामूला' बनाई है। इसका ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जम्भाले ने किया है, तो लेखन आदित्य धर ने किया है। वहीं, ओटीटी की दुनिया में अपने अभिनय की अमिट छाप छोड़ चुके अभिनेता मानव कौल फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के लेखक आदित्य धर ने ट्रेलर को आधिकारिक इंस्टाग्राम पर रिलीज किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जो हमें कभी छोड़कर नहीं जातीं। यह कहानी लगभग 10 साल बाद पर्दे तक पहुंच पाई है। फिल्म 'बारामूला' उस रहस्यमयी, यादों भरी, खूबसूरत और दर्दभरी कहानी से जन्मी है, जिस वादी से मैं ताल्लुक रखता हूं। मुझे गर्व है कि आखिरकार मैं फिल्म 'बारामूला' का ट्रेलर आपके साथ शेयर कर रहा हूं। ट्रेलर की बात करें तो 2 मिनट 31 सेकंड में दर्शकों को फिल्म के अहम किरदारों की झलक देखने को मिलती है। इसकी शुरुआत बच्चे के गायब होने से होती है, जिसकी जांच पड़ताल डीएसपी रिदवानी सैय्यद (मानव कौल) करते हैं। केस की जांच-पड़ताल के लिए वे बारामूला परिवार संग शिफ्ट होते हैं, जिसके बाद उनके घर में भी तरह-तरह की घटनाएं होने लगती हैं।

वहीं, जहां वह रहते हैं, वहां के बच्चे धीरे-धीरे गायब होने लगते हैं। कभी झील से, घाटी से, तो कभी मैजिक शो से और जगह-जगह पर उनके कटे हुए बाल मिलते हैं, जो रहस्य और भी ज्यादा गहरा करने लगते हैं। फिल्म में अभिनेता मानव के अलावा, अरिस्ता मेहता, भाषा सुंबली, मीर सर्वर, अश्विनी कौल और नाजनीन मदन अहम किरदारों में हैं। इसका निर्माण ज्योति देशपांडे, आदित्य और लोकेश धर ने किया है। कश्मीर के बारामूला पर आधारित फिल्म 7 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।





# मोहनलाल की बेटी विस्मया 'थुडक्कम' से मलयालम सिनेमा में करेंगी डेब्यू

**कोची/एजेन्सी**

मलयालम सिनेमा के मशहूर अभिनेता और दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता मोहनलाल की बेटी विस्मया मोहनलाल भी फिल्मों में काम करने जा रही हैं। वह जूड एंथनी जोसेफ के निर्देशन में बन रही फिल्म 'थुडक्कम' से मलयालम सिनेमा में डेब्यू करेंगी। इस फिल्म का निर्माण आशीर्वाद सिनेमा के तहत एंटनी पेरुंबवूर कर रहे हैं। फिल्म की पूजा सेरेमनी गुरुवार को कोच्चि में आयोजित की गई, जो मलयालम सिनेमा के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था। इस कार्यक्रम में बोलते हुए अभिनेता मोहनलाल ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके दोनों बच्चे उनके जैसे फिल्मों में आएंगे। उन्होंने कहा, जब मैं छठी कक्षा में था, तब मैंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता था, बाद में मेरे बेटे अप्पू (प्रणव) ने भी ऐसा किया। लेकिन, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अभिनेता बनूंगा, न ही मेरे बच्चों ने ऐसा सोचा था। मेरी बेटी का नाम विस्मया इसलिए रखा गया है क्योंकि मेरा जीवन हमेशा आश्चर्यों से भरा रहा है।

मोहनलाल ने आगे कहा, जब उन्होंने अभिनय करने का फैसला किया, तो हमने उन्हें पूरा समर्थन दिया। मेरे दोनों बच्चों को अब कड़ी मेहनत करनी होगी, मैं तो बस एक प्रेरक की भूमिका निभा सकता हूं।एंटनी पेरुंबवूर के बेटे भी इस फिल्म में हैं। उनका जिक्र करते हुए मोहनलाल ने मजाकिया लहजे में कहा, फिल्म में एंटनी के बेटे की भी एक अहम भूमिका है, लेकिन यह कोई नेपोटिज्म का मामला नहीं है। यह सुनकर सभी लोग हंसने लगे।मोहनलाल की पत्नी सुचित्रा ने कहा, मैं विस्मया की मां के तौर पर बोल रही हूं, मोहनलाल की पत्नी के तौर पर नहीं। जब वह आठ साल की थी और अप्पू 12 साल का था, तब हमने एक छोटी सी घरेलू फिल्म बनाई थी। यह हमारे लिए खास साल है। मोहनलाल को फाल्के पुरस्कार मिला, अप्पू की नई फिल्म रिलीज हुई है, और विस्मया ने अपना करियर शुरू किया है।निर्देशक जूड एंथनी जोसेफ ने स्वीकार किया कि वह विस्मया से अधिक तनाव में थे और इस पल को यादगार बताया। उन्होंने कहा, मैं मोहनलाल का फैन बनकर बड़ा हुआ हूं और अब मैं उनकी बेटी को निर्देशित कर रहा हूं। यह मेरे लिए बहुत ही भावुक पल है। आशीर्वाद सिनेमा की स्थापना 1999 में एंटनी पेरुंबवूर ने की थी, वह इस फिल्म के निर्माता हैं।

# जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म से प्राप्त जीएसटी उनके फाउंडेशन को दान करेगी असम सरकार

**गुवाहाटी/भाषा**

असम सरकार आगामी असमिया फिल्म 'रोई रोई बिनाले' से प्राप्त होने वाले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में राज्य का हिस्सा उस फाउंडेशन को सौंपेगी जिसका गठन जुबिन गर्ग द्वारा वंचितों के कल्याण के लिए किया गया था। मंत्रिमंडल बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य में प्रदर्शित फिल्मों पर कोई मनोरंजन कर नहीं है और इसलिए समाज के एक वर्ग के अनुरोध के अनुसार इसे माफ करने का कोई सवाल ही नहीं है। शर्मा ने कहा, राज्य सरकार फिल्म से प्राप्त जीएसटी का अपना हिस्सा विशेष रूप से कलागुरु आर्टिस्ट फाउंडेशन को सौंपेगी, ताकि कलाकारों के चिकित्सा उपचार, बाढ़ पीड़ितों की मदद और जरूरतमंद छात्रों को उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में सहायता की जा सके।

इस फाउंडेशन की स्थापना स्वयं गर्ग ने परोपकारी गतिविधियों के लिए की थी। शर्मा ने कहा, ''100 रुपये से अधिक कीमत वाले सिनेमा टिकटों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है और 100 रुपये से कम कीमत वाले टिकटों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। राज्य का हिस्सा इस दर का आधा है और हमें लगभग एक महीने बाद पैसा मिल जाएगा। फिर हम इसे फाउंडेशन को सौंप देंगे।

उन्होंने कहा कि यह फैसला गर्ग की पत्नी से सलाह-मशविरा करने के बाद लिया गया, जिन्होंने इस विचार पर सहमति जताई। मंत्रिमंडल के अन्य फैसलों के बारे में बात करते हुए शर्मा ने कहा कि सरकार ने एशियाई विकास बैंक से सहायता प्राप्त 'जलवायु लचीला ब्रह्मपुत्र एकीकृत बाढ़ और नदी तट कटाव जोखिम प्रबंधन परियोजना' के दूसरे चरण के लिए अतिरिक्त वित्तपोषण के रूप में 2,205.75 करोड़ रुपये को मंजूरी दी है।



# जुबिन की आखिरी फिल्म को देखने के लिए असम के सिनेमाघरों में उमड़ी भीड़

**गुवाहाटी/भाषा**

मशहूर गायक-संगीतकार जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' (आंसू अब भी बहते हैं) शुक्रवार को असम के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई जिससे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। जुबिन का पिछले महीने सिंगापुर में निधन हो गया था। फिल्म की पहली स्क्रीनिंग सुबह 4.25 बजे गुवाहाटी के एक मल्टीप्लेक्स में हुई, जहां लोग अपने पसंदीदा सितारे को आखिरी बार बड़े पर्दे पर देखने के लिए कतार में खड़े दिखे। राज्य के सभी शहरों में सुबह से ही फिल्म का प्रदर्शन शुरू हो गया। फिल्म को पूरे देश में एकसाथ रिलीज किया गया है। अगले एक हफ्ते के सभी शो के टिकट बिक चुके हैं और उम्मीद है कि गर्ग की यह संगीतमय फिल्म भविष्य में असमिया सिनेमा के सभी पुराने बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ देगी।

ज्यादातर हॉल ने मांग को पूरा करने के लिए एक दिन में सात शो दिखाने का निर्णय किया है जो अगले दिन तड़के तक जारी रहेगा। 'रोई रोई बिनाले' में गर्ग एक दृष्टिहीन संगीतकार का मुख्य किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म में 11 गाने हैं, जिसका संगीत उन्होंने खुद तैयार किया है।

यह फिल्म एक संगीतकार के जीवन और उसके संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि उनका किरदार समुद्र तट पर बेसुध पड़ा है और एक व्यक्ति उसे जगाने की कोशिश कर रहा है, जो उनकी मौत के साथ एक चौंकाने वाला संयोग है।

गायक का 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय निधन हो गया था। गर्ग, राजेश भुयान द्वारा निर्देशित 146 मिनट लंबी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' के निर्माता भी हैं, जिसमें उनकी पत्नी गरिमा और श्यामंतक गौतम भी शामिल हैं। असम मंत्रिमंडल ने बुधवार को फैसला किया कि सरकार 'रोई रोई बिनाले' से जीएसटी में राज्य का हिस्सा कलागुरु आर्टिस्ट फाउंडेशन को सौंप देगी, जिसकी स्थापना गायक ने दलितों के कल्याण के लिए की थी।

# खालिस्तान समर्थकों से धमकी के बाद भी दिलजीत दोसांझ बोले, मैं हमेशा प्यार का संदेश देता रहूंगा

**मुंबई/एजेन्सी**



मशहूर गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ को हाल ही में खालिस्तानी समर्थकों से धमकी मिली थी। इसके बाद भी उन्होंने दोहराया कि वह हर परिस्थिति में प्रेम और एकता का संदेश फैलाते रहेंगे। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दिलजीत दोसांझ ने ब्रिस्बेन में अपने हालिया कॉन्सर्ट का एक वीडियो शेयर किया। इस क्लिप में दिलजीत ने एकता और प्रेम के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि लोगों को हमेशा प्रेम की बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके लिए पूरी धरती एक है। अपने गुरु की शिक्षा 'इक ओंकार' का जिक्र करते हुए उन्होंने जोर दिया कि सभी जीव एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और समान हैं। गायक-अभिनेता ने आगे कहा कि वह सभी के लिए प्रेम की कामना करते हैं। वीडियो में दिलजीत दोसांझ पंजाबी में कहते हैं, हमेशा प्यार की बातें करते रहो। मेरे लिए यह धरती एक है। मेरे गुरु कहते हैं, 'इक ओंकार।' तो यह धरती एक है, और मैं इसी धरती से पैदा हुआ हूं। मैं इस धरती का जीव हूं और एक दिन इसी मिट्टी में मिल जाऊंगा। इसलिए मेरी तरफ से सबके लिए सिर्फ प्यार है, चाहे कोई मुझसे जले या मुझे ट्रोल करे। मैं हमेशा प्यार का संदेश फैलाता रहूंगा। मैंने हमेशा ऐसा ही किया है। मुझे परवाह नहीं कि कोई इसके बारे में कैसा महसूस करता है।

उन्होंने आगे कहा, एक व्यक्ति को बस अपने दिल में सोचना चाहिए कि उसे क्या करना है। सिर्फ सोचना चाहिए। भगवान उसे पूरा करेंगे। आपको इसे अपने दिल में रखना चाहिए। वीडियो में दिलजीत दोसांझ स्टेज पर परफॉर्म करते दिखाई दे रहे हैं। दिलजीत दोसांझ का ये वीडियो उन खबरों के बाद आया है जिनमें कहा गया था कि उन्हें अमेरिका स्थित खालिस्तान समर्थक समूह सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) से धमकी मिली है, जिसका नेतृत्व गुरपतवंत सिंह पन्नू कर रहे हैं। संगठन ने ऑस्ट्रेलिया में गायक के आगामी संगीत कार्यक्रम के खिलाफ चेतावनी जारी की है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब दिलजीत दोसांझ ने केबीसी के सेट पर अमिताभ बच्चन के पैर छुए। इसे संगठन ने आपत्तिजनक बताया। उन्होंने इसे 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों का अपमान बताते हुए दिलजीत दोसांझ के खिलाफ चेतावनी जारी की।

# मौत का बुलावा आने से पहले ही कर लें अच्छा कार्य : संतश्री ज्ञानमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के यलहंका स्थित सुमतिनाथ जैन संघ के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री ज्ञानमुनिजी ने कहा कि इन दिनों तन, धन और जल पर वार्ता चल रही है। तीनों का अपना अलग महत्व है। तन में सुकून है और धन, जल का अपना महत्व है। शरीर में सबसे महत्वपूर्ण धड़कन है। जब तक धड़कन है सब मामला अच्छा रहेगा। सांस के टूटते ही शरीर नष्ट हो जाता है। आंखें हैं तब सब है। अगर आंख नहीं है तो सब बेकार हैं। आंखों की वजह से ही संसार दिखता है। मुख से खाना खाते हैं लेकिन सारा काम पेट करता है। पेट ही सब शरीर को अच्छा रखता है लेकिन याद रखना जब मौत का हुक्म आएगा तो यह बंगले जैसा तन खाली करके जाना पड़ेगा। जब तक सांस है तो आत्मा को तपा लेना चाहिए। इस शरीर के चक्कर में धर्म, ध्यान, तप त्याग नहीं भूलना चाहिए। तन तो एक दिन जाना है। जब तक मौका है तब तक अच्छा कार्य कर लेना चाहिए। मौत का बुलावा आते ही सब खत्म हो जाएगा, इसलिए इस तन को सजाने के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। इस अवसर का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। सारी चीज उपलब्ध है तो अच्छा कार्य करके जीवन को तार लेना चाहिए। भगवान ने स्वस्थ शरीर दिया है तो उसका अच्छा उपयोग कर लेना चाहिए। दिल बड़ा रखते हुए लोगों की मदद करते रहना चाहिए। अच्छे कर्मों का फल भी अच्छा ही मिलेगा । अध्यक्ष प्रकाशचंद कोठारी ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री मनोहरलाल लुकड़ ने संचालन करते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।



# रिला हॉस्पिटल ने मोबाइल स्ट्रोक केयर यूनिट शुरू की

## 'न्यू बिगिनिंग्स' सहायता समूह का हुआ शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मोबाइल स्ट्रोक केयर यूनिट डॉक्टरों और पैरामेडिक्स को कुछ ही मिनटों में मरीजों तक पहुंचने और मौके पर ही जीवन रक्षक उपचार शुरू करने में सक्षम बनाती है। अपने संबोधन में प्रो. मोहम्मद रेला ने कहा कि भारत में स्ट्रोक के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं। जनसंख्या-आधारित अध्ययनों के अनुसार, प्रति 1,00,000 लोगों पर स्ट्रोक के वार्षिक मामले 10 से 15 प्रतिशत के बीच हैं।

एक हालिया अध्ययन में बताया गया है कि भारत में 2021 में स्ट्रोक के 12.5 लाख से ज़्यादा नए मामले दर्ज किए, जो पिछले तीन दशकों में 51% की वृद्धि दर्शाता है। स्ट्रोक से संबंधित मृत्यु दर और विकलांगता भी बढ़ रही है। अस्पताल को मोबाइल स्ट्रोक केयर यूनिट शुरू करने पर खुशी है, क्योंकि यह डॉक्टरों और पैरामेडिक्स को स्ट्रोक के कुछ ही मिनटों के भीतर मरीज़ों तक पहुँचने में सक्षम बनाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि मरीज़ के अस्पताल पहुँचने से पहले ही जीवन रक्षक उपचार शुरू हो सके। इसी तरह, न्यू बिगिनिंग्स सहायता समूह एक समयोचित सामुदायिक पहल है जो स्ट्रोक से बचे लोगों और देखभाल करने वालों को एक साथ लाता है, उन्हें स्ट्रोक से निपटने की रणनीतियाँ साझा करने, आत्मविश्वास हासिल करने, पुनर्वास को बढ़ावा देने और स्ट्रोक के बाद सार्थक जीवन के पुनर्निर्माण में मदद करता है।

डॉ. शंकर बालकृष्णन ने कहा कि स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाती है (इस्केमिक स्ट्रोक) या जब कोई रक्त वाहिका फट जाती है (रक्तस्रावी स्ट्रोक)। जोखिम कारकों में अनियंत्रित उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, धूम्रपान, मोटापा और गतिहीन जीवनशैली शामिल हैं। अपनी टिप्पणी में, डॉ. मुरलीधरन ने कहा, रिला अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में, हम ईईजी, ईएमजी, नर्व कंडक्शन स्टडीज़ और एक पूरी तरह से सुसज्जित न्यूरोइंटरवेंशनल कैथ लैब जैसी उन्नत सुविधाओं के माध्यम से विभिन्न प्रकार की न्यूरोलॉजिकल स्थितियों का व्यापक निदान और उपचार प्रदान करते हैं।

# गेल का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत घटकर 2,823 करोड़ रुपए पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत घट गया। यह गिरावट पेट्रोकेमिकल मार्जिन में दबाव के कारण आई है।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका एकल आधार पर शुद्ध लाभ 2,823.19 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,453.12 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में प्राकृतिक गैस पारेषण और विपणन व्यवसाय से जुड़ी कंपनी की आय स्थिर रही, लेकिन पेट्रोकेमिकल व्यवसाय में मार्जिन दबाव के कारण लगभग 300 करोड़ रुपये का कर-पूर्व घाटा हुआ।

समीक्षाधीन अवधि में परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 32,930.72 करोड़ रुपये से बढ़कर 35,031 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में कंपनी का शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत घटकर 4,103.56 करोड़ रुपये रह गया।

# बरौनी से एर्नाकुलम जंक्शन तक एकतरफ़ा विशेष ट्रेन

**चेन्नई।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए बिहार के बरौनी से एर्नाकुलम तक एकतरफा विशेष ट्रेन ट्रेन संख्या 05271 बरौनी-एर्नाकुलम जंक्शन वन-वे स्पेशल चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या 05271 बरौनी-एर्नाकुलम जंक्शन वन वे स्पेशल 31 अक्टूबर, शुक्रवार को बरौनी से 20.30 बजे प्रस्थान करेगी और चौथे दिन 06.00 बजे एर्नाकुलम जंक्शन पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल आठ एसी थ्री टियर कोच, चार एसी थ्री टियर इकॉनमी कोच, सात स्लीपर क्लास कोच, एक सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, एक द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) और एक लगेज-कम-ब्रेक वैन होगी।



# युवाओं ने जीवदया के तहत पक्षियों को डाला दाना, चुग्गा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेन्स के कर्नाटक विहार सेवा समूह के सदस्यों ने एक बैठक का आयोजन किया जिसमें प्रांतीय वैयावच्च महामंत्री प्रकाश बोहरा ने विहार सेवा के बारे में जानकारी दी तथा मार्गदर्शक सुनील लोढ़ा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर इन्द्रभूति गौतम जीवदया ट्रस्ट एवं जैन कान्फ्रेंस कर्नाटक विहार सेवा समूह के सदस्यों के रेसकोर्स रोड सर्कल के पास जीवदया कार्यक्रम के तहत पक्षियों को दाना-चुग्गा डाला। इस मानवसेवी कार्य में वैयावच्च सेवा योजना के राष्ट्रीय महामंत्री रतनलाल सिंघवी, इन्द्रभूति गौतम जीवदया ट्रस्ट के प्रमुख महेंद्र मेहता, वैयावच्च सेवा के अध्यक्ष विनोद पगारिया, रमेश खाबिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।




# आंवला नवमी के अवसर पर सामूहिक कावेरी स्नान सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के माहेश्वरी महिला संगठन की 48 सदस्याओं ने आंवला नवमी के अवसर पर सामूहिक रूप से कावेरी स्नान किया। सदस्याओं ने गुरुवार को माहेश्वरी भवन से बस द्वारा श्रीरंगपट्टनम की ओर विहार किया। स्नान स्थल पर पहुंचकर भगवान वेंकटेश स्वामी की सामूहिक पूजा की।

इसके पश्चात सभी ने कावेरी नदी में पवित्र स्नान कर आंवला वृक्ष की पूजा की तथा आंवला नवमी की कथा सुनी और फिर वन भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान रजनी जाजू एवं दीपिका जाजू ने मनोरंजक सरप्राइज गेम्स आयोजित किए।

## एकता पदयात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



हुब्बल्ली धारवाड़ की भारतीय जनता पार्टी की ओर से शुक्रवार को भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा मुरुसाविर मठ परिसर से दुर्गाद बैल सर्कल तक आयोजित हुई जिसमें सेंट्रल क्षेत्र के विधायक महेश तेंगनकाई सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। तेंगनकाई ने पदयात्रा को संबोधित करते हुए एकता और सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। इस पदयात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष तिप्पन्न मज्जगी, महामंत्री वसंत नडजोशी, सेन्ट्रल क्षेत्र के अध्यक्ष राजू काले, महासचिव रामनगौड़ा शेट्टनगौडर व सचिव विनोदकुमार पटवा आदि भी शामिल हुए।

# कर्मों से बनता है भाग्य, कर्मों से ही मिटता है : डॉ वरुणमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के गुजराती जैन संघ, गांधीनगर में चातुर्मासार्थ विराजित डॉ. वरुण मुनि जी ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य का भाग्य किसी तारे या ग्रह से नहीं, बल्कि उसके अपने कर्मों से बनता है। जैसे कर्म होंगे, वैसा ही जीवन का परिणाम होगा। गुरुदेव ने कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन का निर्माता स्वयं होता है। भाग्य केवल कर्मों का प्रतिबिंब है, अच्छे कर्म करेंगे तो सुख मिलेगा, बुरे कर्म करेंगे तो दुख। इसलिए किसी को दोष देने के बजाय अपने कर्मों को सुधारना ही सच्चा धर्म है। संतश्री ने कहा कि कर्म कभी व्यर्थ नहीं जाते। वे बीज की तरह हैं, आज बोएंगे, कल फल अवश्य देंगे, इसलिए हर क्षण शुभ कर्म, शुभ विचार और शुभ भावना में लगना ही सच्चा पुरुषार्थ है। उन्होंने यह भी समझाया कि कर्म न केवल बाहरी क्रियाओं से बनते हैं, बल्कि विचार, वाणी और भावना तीनों ही कर्म के मूल स्रोत हैं।जब ये तीनों शुद्ध होते हैं, तब जीवन में शांति और सफलता दोनों प्राप्त होती हैं। मुनिश्री ने कहा कि कर्मों से ही भाग्य बदलता है। जो अपने कर्म सुधार लेता है, उसका जीवन स्वयं एक प्रेरणा बन जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा मनीषी श्री रूपेश मुनि जी के मधुर भजनों से हुआ। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भाषा साहित्य मंच की गोष्ठी में 'ऑनलाइन धोखाधड़ी' से जागरूकता का संदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। भाषा साहित्य मंच की अक्टूबर माह की गोष्ठी 'ऑनलाइन धोखाधड़ी, स्वयं या मित्रों, परिजनों के अनुभव एवं इससे बचने के उपाय' विषय पर हुई। गोष्ठी का संचालन त्रिशला मिश्रा ने किया। मंच की अध्यक्षा डॉ ऊषा श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डिजिटल स्कैम पर प्रकाश डाला। शोभा सतीश पाठक ने अपने परिचितों के साथ हुए धोखे के विषय में अनुभव बताए। ज्योति तिवारी ने बताया कि पूरी तरह आश्वस्त होने पर ही कोई लिंक खोलें। वत्सला ने आपबीती सुनाई। ऊषा, सरिता श्रीवास्तव ने डीजिटल स्कैम के बारे में बताया। सुमन मेहरोत्रा ने धोखाधड़ी और उससे बचने के उपाय बताए। गोष्ठी में प्रवीणा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि गुडमॉर्निंग, गुडनाइट के मैसेज से भी धोखा हो सकता है। ऋता शेखर ने अपने रिटायरमेंट की घटना बताई, अचला प्रवीण ने एक बुजुर्ग दंपति के साथ हुई घटना सुनाई । डॉ.सीमा भांति ने अपने साथ हुई ऑनलाइन दुर्घटना बताई। पूर्णिमा ने भी मकान बेचने पर हुई धोखाधड़ी पर प्रकाश डाला।



# अलसूर संघ के पदाधिकारियों ने आचार्यश्री के दर्शन कर कृतज्ञता व्यक्त की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष धनपतराज बोहरा के नेतृत्व में सिंधनूर पहुंच कर जयगछाधिपति आचार्यश्री पार्श्वचन्द जी एवं डा.मुनि पदमचंद्र जी के दर्शन कर साध्वी शशिप्रभाजी आदि का इस वर्ष का चातुर्मास अलसूर संघ को प्रदान करने के लिए संघ की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की। सिंधनूर में प्रवचन सभा में अलसूर संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया ने अलसूर चातुर्मास की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि अलसूर में साध्वियों के सान्निध्य में 6 मासखमण और 125 से ज्यादा तपस्या हुई हैं। उन्होंने चातुर्मास की उपलब्धियां गिनाई। अपने प्रवचन में डा. मुनि पदमचंद्र जी ने कहा कि 12 व्रत लेने से हमारे पुण्य का बंध होता है और संयम की ओर रुचि बढ़ती है। त्याग में आनंद आता है। मर्यादा में आने से धर्म आराधना बढ़ती है, आसक्ति घटेगी तो निवृत्ति बढ़ेगी। प्रवचन में तपस्वी मुनि हरखचंदजी की 200वीं जयंती गुणानुवाद के साथ मनाई गई। अलसूर संघ के अध्यक्ष धनपतराज बोहरा एवं मंत्री अभयकुमार बांठिया का सम्मान किया गया। प्रतिनिधिमंडल में गौतमचंद छाजेड़, प्रकाशचंद नाहटा, उगमराज मुथा तथा तेजराज तातेड़ शामिल थे।

# आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत संयमी तपस्वी संत थे संतश्री गणेशीलाल : नरेशमुनि

## गुरु ज्येष्ठ पुष्कर जैन आराधना केन्द्र में तप त्याग से मनाया गया जन्मोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के बिन्नी मिल रोड स्थित गुरु ज्येष्ठ पुष्कर जैन आराधना केन्द्र में चातुर्मासार्थ विराजित उपप्रवर्तक नरेशमुनिजी, श्री शालिभद्रमुनिजी, साध्वीश्री सत्यप्रभाजी, सुप्रभाजी डॉ मेघाश्रीजी के सान्निध्य में कर्नाटक गजकेसरी श्री गणेशीलालजी की 146वीं जयंती सामायिक दिवस के रूप में तप त्याग पूर्वक शुक्रवार को मनाई गई। इस अवसर पर उपप्रवर्तक नरेशमुनिजी ने संतश्री गणेशीलाल जी के गुणानुवाद करते हुए कहा कि उनका जीवन तप, त्याग और साधनामय, आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत था। कर्नाटक की धरा पर उनका खूब विचरण और महान उपकार रहा। वे संयम के कठोर साधक थे जिन्होंने खादी वस्त्र धारण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने सब के हित की भावना के साथ जन-जन को मिथ्यात्व से सम्यकत्व की ओर अग्रसर किया।उनका तपस्वी विराट संयमी जीवन आज भी साधक जनों के लिए पथ प्रदर्शक है। जिन्होंने अपनी मर्यादा से कभी समझौता नहीं किया। आदर्श व्यक्तित्व के धनी संत रत्न थे, जिनकी सद् प्रेरणा से अनेक स्थानों पर गौशाला आज भी व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही हैं। वे जीवदया प्रेमी थे। मुनिश्री ने सामायिक के महत्व पर सारगर्भित प्रकाश डालते हुए कहा कि समभाव की साधना ही सामायिक है। तीर्थंकर परमात्मा ने सामायिक को चौदह पूर्वो का सार बतलाया है। तीर्थंकर परमात्मा भी सबसे पहले सामायिक चरित्र ग्रहण करते हैं। उन्होंने समकित सामायिक, शुद्ध सामायिक और चरित्र सामायिक पर भी धर्म सभा में विस्तार से विवेचना प्रस्तुत की।ङ्गङ्गप्रारंभ में श्री शालिभद्रमुनिजी, साध्वी सुप्रभाजी, डॉ मेघाश्रीजी, समृद्धिश्रीजी ने संतश्री गणेशीलालजी के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सारगर्भित प्रकाश डालते हुए उन्हें महान ज्ञानी, ध्यानी, महातपस्वी संत शिरोमणि, जन-जन की आस्था का केंद्र बताया, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन संयम तप साधना के साथ मानवता की सेवा में बिताया। समिति की ओर से महामंत्री महावीरचंद मेहता ने गणेशीलालजी के गुण स्मरण किए। इस मौके पर बाफना परिवार, श्रीश्रीमाल परिवार और कात्रेला परिवार की गौत्र सामूहिक सामायिक साधना आराधना का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



# 'टाइमलेस ट्रेसेज' कार्यशाला में महिलाओं ने ली ग्लैमरस हेयरस्टाइलिंग की जानकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो साउथ लेडीज विंग द्वारा 'टाइमलेस ट्रेसेज' नामक हेयरस्टाइलिंग वर्कशॉप का आयोजन जीतो कार्यालय में हुआ जिसमें 160 महिलाएं शामिल हुई और केश साज सज्जा के गुर सीखे। संयोजिका निशा कोठारी ने कार्यक्रम की जानकारी दी। सहसंयोजिका तरुणा मेहता ने सभी का स्वागत किया। अध्यक्षा बबिता रायसोनी ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को अपने रूप, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व के प्रति सजग बनाना है। मुख्य सचिव निधि पालरेचा ने आयोजक टीम के प्रयासों की सराहना की। कार्यशाला की मुख्य प्रशिक्षिका सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट हर्षा चोपड़ा ने महिलाओं को बाल संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान बताते हुए केश विन्यास, केश साजसज्जा, केश विकास, केश स्वास्थ्य आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विभिन्न चेहरों के हिसाब से हेयरस्टाइल्स बताई। उन्होंने विभिन्न जूड़ा स्टाइल्स, तेज़ और प्रोफेशनल स्टूडियो टाइप हेयरस्टाइल्स, तथा हेयर पिन, क्लिप, स्प्रे, जेल, शैंपू, कंडीशनर और ऑयल्स के सही उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी।

# चीन ने मुक्त व्यापार की रक्षा का वादा किया

**ग्योंगजू (दक्षिण कोरिया)/एपी।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के नेताओं से कहा कि उनका देश वार्षिक आर्थिक क्षेत्रीय मंच पर वैश्विक मुक्त व्यापार की रक्षा में मदद करेगा जिसकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनदेखी की। चिनफिंग ने शुक्रवार को दक्षिण कोरियाई शहर ग्योंगजू में शुरू हुए एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में प्रमुख मंच संभाला जबकि ट्रंप बढ़ते व्यापार युद्ध को कम करने के लिए एक दिन पहले ही चीनी राष्ट्रपति के साथ समझौते करने के बाद देश से चले गए थे।

श्री मरुधरा जैन संघ, बेंगलोर
स्नेह मिलन
दिनांक- 2.11.2025 स्थल- भिक्षु धाम
बस प्रस्थान- सुबह 7.30 से 8.30 तक
चिकलालबाग - चामराजपेट - राजाजी नगर से
लाभार्थी परिवार
1-श्रीमति सोनीदेवी-श्री केसरीमलजी बडेरा परिवार-दुंदाडा
2-श्रीमती अणचीदेवी-श्री भंवरलालजी गुलेच्छा परिवार-दुंदाडा
3-श्रीमति पानीदेवी-श्री सुकनराजजी मकाणा परिवार-दुंदाडा
4-श्रीमति झमकूदेवी-श्री बादरमलजी श्रीश्रीमाल परिवार-दुंदाडा
5-श्रीमान ढाबरचंदजी-महिपालजी-श्रीपालजी-कवाड परिवार- सालावास
6-श्री धींगडमलजी-उतमचंदजी-किशोरकुमारजी-बडेरा परिवार- अजीत
7-श्रीमति कमलाबाई-श्री देवीचंदजी सालेचा परिवार- भोरडा
8-श्रीमति मगीदेवी-श्री भंवरलालजी मुणोत परिवार ढीढस
9-श्रीमति शांतिदेवी-श्री चंपालालजी पालरेचा परिवार- दुंदाडा
10-श्रीमति कमलादेवी-श्री भंवरलालजी भंडारी-दौलती परिवार- दुंदाडा
11-श्रीमान उगमराजजी-भंवरलालजी-जवाहरलालजी-भंडारी परिवार - भाँवरी
भावभरा आमंत्रण
निवेदक
श्री मरुधरा जैन संघ * श्री नवयुवक मंडल * श्री महिला मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य
आमंत्रण पत्रिका संघ के ग्रुप में 2.10 को ही भेज दी गयी है!
आपका आगमन-संघ का सौभाग्य

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com